Since 1974

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

अप्रैल - मई 2025

jas
connect to source

THE PREMIUM B2B SHOW

4 | 5 | 6 JULY 2025





# PRECITONE CO. LTD

COLOUR STONES

www.precitone.com

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

Since 1974
# जैम वर्ल्ड
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

**अप्रैल - मई 2025** | Volume XXXXIII No.2
Regd. with R.N.I. No. 26126/74

- धर्मकांटा
- जैम बोर्स
- जैम वर्ल्ड
- जस
- जैम्स
- जनोपयोगी भवन
- जेएवाई
- प्याऊ

**संपादक और डिजाइन**
**गुंजन शर्मा**
**+91 77427 25334**

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
**टे: +91 141 4034112-13**
**मो: +91 72299 54040 | +91 99502 11331**
**ई: gemworld@jajaipur.com**

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

यहाँ पढ़ें संस्करण: https://jajaipur.com/gem-world/




कवर इमेज क्रेडिट:
'अक्वामरीन'
**प्रेसीटोन**

## विषय-सूची

17 jas connect to source
दुबई में जस-2025 की गूंज,
**जयपुर के लिए बड़ी उम्मीदें**

22 JEA 2025
**ज्वैलरी डिजाइनिंग में सर्वश्रेष्ठ की पहचान**



22

## शोज ऑफ़ द वर्ल्ड
दुनिया के प्रतिष्ठित रत्नाभूषण शोज से खास ट्रेंड्स और महत्वपूर्ण जानकारियाँ

26 **जैमजिनेवा -** शो सारांश
रिचा गोयल सीकरी द्वारा



27

## ब्लॉगर्स डायरी
ग्लोबल ज्वैलरी इन्फ्लुएंसर्स:
उनकी यात्राएं, रचनाएं और किताबें

30 **धरती पर एक सितारा**
श्रीलंका की
मेरी सैफायर यात्रा
**-एस्तर लाइटहार्ट**

33 पराइबा तुर्मली पर एक
अनूठी पुस्तक
**-कैटरीना पैरेज**

32





33

## जैम टॉक

36 जयपुर की आभा
दुनिया के आसमान पर!
**-विजय गोलेछा संदीप
गोलेछा ज्वैल्स**

39



## डिज़ाइनर्स' कॉलम

60 **इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ
जैम एंड ज्वैलरी, जयपुर**
के छात्रों की रचनात्मक प्रतिभाएं



60

## ट्रेंडी अफेयर्स

40 नवीनतम ट्रेंड्स और इनोवेशन
पर एक नज़र

41





41

45





44



44



46

## ज्वैलर्स असोसिएशन सूचना एवं समाचार

62 तुर्की और अज़रबैजान के
साथ व्यापार न करने की अपील

63 अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए
की गई पहल

63 लाभकारी रहेगा भारत-यूके
द्विपक्षीय व्यापार समझौता

64 कस्टम आयुक्त से मिला
असोसिएशन प्रतिनिधिमंडल








62

63

## ट्रेड अपडेट

47 लैब ग्रोन डायमंड्स:
सच्चाई, तकनीक और
संभावनाएं- आरजेसी



49

## पूरी दुनिया से हेयर एक्सेसरीज़ पर बने डाक टिकटों का संग्रहण

65

65 हेयर एक्सेसरीज़ पर
स्टैम्प्स कलेक्शन

67 टिकट विवरण और जानकारी




## जानकारी नए जैमस्टोन्स की

56 सुजीलाईट के रूप में
'डाईड सर्पेन्टाइन रॉक'

57



## जैमफील्ड्स अपडेट

69

68 एमआरएम रुबी की
बैंकाक में नीलामी

69 कमर्शियल क्वालिटी
एमरल्ड्स नीलामी परिणाम



Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# जैम वर्ल्ड
# सत्र 2024-2026

## सलाहकार मंडल



**आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष



**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री,
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**अदित बरड़िया**
सदस्य



**महेश खण्डेलवाल**
सदस्य



**मनोज धांधिया**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**शिरीष अग्रवाल**
सदस्य



**सुधीर ठोलिया**
सदस्य

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# कार्यकारिणी समिति
## सत्र 2024-2026



**आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष



**राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला**
उपाध्यक्ष



**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री



**अजय गोधा**
संयुक्त सचिव



**गोविन्द प्रकाश अग्रवाल**
कोषाध्यक्ष



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**अनिल बम्ब**
सदस्य



**अनिल ताम्बी**
सदस्य



**अशोक माहेश्वरी**
सदस्य



**डी. पी. खण्डेलवाल**
सदस्य



**गोविन्द कुमार गुप्ता**
सदस्य



**महावीर कुमार डागा**
सदस्य



**निर्मल कुमार बरड़िया**
सदस्य



**पंकज सौंखिया**
सदस्य



**प्रकाश कुमार बैद**
सदस्य



**सुनील कुमार नाहर**
सदस्य



**विजय केड़िया**
सदस्य



**विष्णु अवतार मेठी**
सदस्य

Jewellers Association Jaipur

# उप-समितियां
# सत्र 2024-2026

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष आलोक सौंखिया एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जैम वर्ल्ड सलाहकार मण्डल
**संयोजक एवं मानद मंत्री**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
अदित बरड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मनोज धांधिया
नरेश अगरोया
शिरीष अग्रवाल
सुधीर कुमार ठोलिया

### यूथ विंग उपसमिति
**संयोजक**
गोविन्द कुमार गुप्ता
**सदस्य**
आगम मुणोत
अंकित खण्ड़ेलवाल
अंकित लोढ़ा
अर्जुन सौंखिया
अर्पण डंगायच
आशीष फोफलिया
कपिल बजाज
कुणाल गोधा
महेश खटोरिया
राघव कूलवाल
राघव अग्रवाल
संभव कोठारी
शिरीष अग्रवाल
सिद्धार्थ लुणावत
सुधांशु बलदुआ
वैभव धांधिया
वैभव हेड़ा
विजित नवलखा
यश डंगायच

### सप्ताहिक बाजार व बेराजगार कारीगरों एवं कर्मचारियों का सूचीकरण
**संयोजक**
विष्णु अवतार मेठी

### व्यापारिक सुरक्षा
**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
अविनाश खण्ड़ेलवाल
भारत भूषण गुप्ता
निखिल अग्रवाल
पुरषोत्तम अग्रवाल
राकेश कुमार डागा
सुरेंद्र मांधना

### ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस) आयोजन उपसमिति
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सह-संयोजक**
नरेश अगरोया
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
**सदस्य**
अभिषेक सांड
अजय गोधा
अनिल बम्ब
अनिल ताम्बी
अरूण गोखरू
बजरंग बाहेती
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
दीपक साहू
गौरव जैन
गौरव फोफलिया
गोविन्द कुमार गुप्ता
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
जितेन्द्र सिंह शेखावत
केदार गुप्ता
कृष्ण कुमार अग्रवाल
महावीर कुमार डागा
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मनोज धांधिया
मुकेश विजय
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
पंकज सौंखिया
पारस ठोलिया
पवन बजाज
प्रकाश कुमार बैद
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश डागा
राजेश धामाणी
राजेश नाहर
राम शरण गुप्ता
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संदीप जैन
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील कुमार गुप्ता
सुनील कुमार नाहर
सुनील मणिहार
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
विष्णु कुमार मेठी
यशेष ताम्बी

### के वाय सी समिति
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
अदित बरड़िया
अरुण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
गौरव जैन मंडोत
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संजय डागा
सुधीर ठोलिया
सुनील जैन
सुनील मणिहार

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# उप-समितियां सत्र 2024-2026

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष आलोक सौंखिया एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

## समाज सेवा

**संयोजक**

राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

**सदस्य**

अभिषेक सांड
आकाश अग्रवाल
ब्रज किशोर अग्रवाल
धर्मेंद्र चोपड़ा
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मदन मोहन विजय
महावीर कुमार डागा
नरेंद्र लक्खी
नीलेश कुमार छाजेड़
नीरज खण्डेलवाल
पंकज सौंखिया
प्रमोद बाणवाला
राजेश डागा
राजेश कटारिया
राम सहाय (मांधना)
राम शरण गुप्ता
सुधांशु रावत
विमल गुप्ता

## परिचय-पत्र, प्रमाण पत्र एवं डाइरेक्ट्री

**संयोजक**

अजय गोधा

## JAGS शो

**संयोजक**

अभिषेक सांड

**सदस्य**

अब्दुल शकूर लाली
आलोक संचेती
आनन्द राव
आशीष बोथरा
आशीष बंग माहेश्वरी
आशीष सिंघवी
धर्मेंद्र चोपड़ा
घनश्याम साहू
जय अग्रवाल
केतन मुंशी
कृष्ण बल्लभ नाटाणी
नील कंठ भंडारी
राजेश कटारिया
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
सौरभ खण्ड़ेलवाल
विजय लश्करी

## धर्मकांटा उपसमिति

**संयोजक**

सुनील कुमार नाहर

**सदस्य**

अभय कुमार मुणोत
अमित झालानी
अन्नू फोफलिया
इरेश अग्रवाल
मुकेश नाहर
सीताराम विजयवर्गीय
सुनील साहू

## कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम उपसमिति

**संयोजक**

अनिल ताम्बी

**सदस्य**

अरूण गोखरू
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
राजेश धामाणी
सुनील शर्मा
पंकज घीया (एडवोकेट)

## रतन दलाल उपसमिति

**संयोजक**

सुनील कुमार नाहर

**सदस्य**

अनिल कुमार डागा
दीपक मालपानी
हरीश भुखमारिया
महेश गुप्ता
मनीष लुहाड़िया
मोहम्मद खालिद अंसारी
नवल बिहारी गुप्ता
शरद अग्रवाल
सुरेश मूथा
युवराज सिंधड़

## पंच फैसला उपसमिति

**संयोजक**

विजय केड़िया

**सदस्य**

डी.पी. खण्ड़ेलवाल
दिनेश खटोरिया
कमल कुमार कोठारी
निर्मल कुमार बरड़िया

## सदस्यता प्रपत्र जांच समिति

**संयोजक**

डी.पी. खण्ड़ेलवाल

**सदस्य**

अरुण गोखरू
अजय गोधा
सुधांशु रावत
वेणी प्रसाद गुप्ता

## सेमीनार उपसमिति

**संयोजक**

गोविन्द कुमार गुप्ता

**सदस्य**

अभिषेक सेठ
अदित बरड़िया
आलोक चौरड़िया
अंकुर शाह
अंशुल गोलेछा
बनवारी मुंदड़ा
महेश खटोरिया
निदेश जैन
रमेश चन्द गुप्ता
सुधांशु बलदवा
विजय जोहर

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# उप-समितियां
# सत्र 2024-2026

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष आलोक सौंखिया एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जनोपयोगी भवन उपसमिति
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अभिषेक जैन
अभिषेक सांड
अजय पालेचा
अजय सेठिया
आलोक चौरड़िया
अमित जैन
अशोक पीतलिया
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
दीपक मित्तल
दीपक श्रीमाल
जितेन्द्र मूथा
नील कंठ भंडारी
निर्मल कुमार बरड़िया
प्रवीन मेहता
प्रकाश कुमार बैद
राजेश डागा
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
रमेश चन्द गुप्ता
संदीप गुप्ता
संजय डागा
श्रीकिशन खण्ड़ेलवाल
सुनील मणिहार
सुरेन्द्र बडेर
विजय केड़िया

### डिजिटाइजेशन/IT/ Social Media
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला

### ज्वैलर्स असोसिएशन भवन एवं प्याऊ रख-रखाव उपसमिति
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
अन्नू फोफलिया
अरूण डागा
आशीष बंग माहेश्वरी
गौतम कुमार डागा
गौतम पंसारी
किशन मूंदड़ा
महेश गुप्ता
मोहित चौरड़िया
रफीक अहमद
संदीप गर्ग
शैलेश कुमार मेहता
सुरेश मूथा
वेनी प्रसाद गुप्ता
युवराज सिंधड़

### वित्त संग्रह
**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया
**सदस्य:**
अनिल ताम्बी
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राम शरण गुप्ता
संजय काला
सुनील मणिहार
विजय केड़िया

### डिसपेन्सरी एवं जरूरतमंद सदस्यों की सहायता
**संयोजक**
प्रकाश कुमार बैद

### विधान संशोधन
**संयोजक**
आलोक सौंखिया
**सदस्य:**
अरुण गोखरू
मनोज धांधिया
निर्मल कुमार बरड़िया
राजीव जैन
संजय काला
सुनील जैन
विजय केड़िया

### अनुसंधान, विकास और विनिर्माण
**संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अनंत ओसवाल
अमित कोटावाला
मनोज धांधिया
प्रवीण मेहता
राज कुमार जैन
राजेश धामाणी

### असोसिएशन गोठ
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
अब्दुल राशिद (पप्पू)
अनिल कुमार गोदिया
अनिल ताम्बी
अनुपम लोढ़ा
अशोक माहेश्वरी
दीपक पटेल
जी.एल. अग्रवाल
गौरव जैन
गौरव फोफलिया
गौतम डागा
गोविंद प्रकाश अग्रवाल
हरीश भुखमारिया
जगदीश शर्मा
जितेंद्र शेखावत
केदार गुप्ता
किशन मूंदड़ा
महावीर डागा
महावीर ठोलिया
मनीष बंसल
नरेश अगरोया
नसीर खान
नीलकंठ भंडारी
पंकज सौंखिया
प्रकाश कुमार बैद
राज कुमार लुणावत
राजीव नागौरी
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
शरद गोयल
सुधीर कुमार ठोलिया
सुनील गुप्ता
सुनील मणिहार
सुनील नाहर
सुरेंद्र मांधना
सुरेश मुथा
तस्किन खान
विष्णु अवतार मेठी

### टी.आर.सी.
**संयोजक**
अनिल बम्ब
**सदस्य:**
अनिल ताम्बी
अशोक पितलिया
कमल जिंदल
कमल कुमार कोठारी
प्रकाश कुमार बैद
विष्णु अवतार मेठी
बिट्ठलदास माहेश्वरी




Jaipur | Mumbai | Bangalore | Hyderabad | Chennai

www.achaljewels.com

Achaljewels | achaljewels | office@achaljewels.com

# GEM PLAZA

M A G N I F I C E N T   J E W E L S



Flagship store : Khetan Bhawan, M. I. road, Jaipur-302001, India
t: +91 141 2367948   e: showroom@gemplaza.net

Factory : G-1/21-23, Gems & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur - 302022, India
t: +91 141 2770535   e: mail@gemplaza.net

www.gemplaza.net

# LUNAWAT GEMS

RESPONSIBLE JEWELLERY COUNCIL
Certified Member
0000 4044





PINK MORGANITE



EMERALD



AQUAMARINE



TSAVORITE



RUBELLITE



GREEN TOURMALINE



PINK TOURMALINE



TANZANITE



PEACH MORGANITE

Jaipur Gem

Scan and Shop from India's Biggest Online Gemstone Portal
WWW.JAIPURGEM.COM

H-172-173, SEZ-II[nd] Sitapura Industrial Area
Jaipur, Rajasthan, India (302022)
Phone No: +91-141-277-1172,1173
Email: contact@lgcindia.com


valentine®
JAIPUR
Evergreens
An eternal love affair
Imagine the sheer excellence when nature's wonder-
Emeralds meet human imagination.
VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT LTD
VALENTINE JEWELLERY INTERNATIONAL
order@valentinejewelleryindia.com
+91-7412077886 | valentinejaipur
VALENTINE JADAU
val.jadau@gmail.com
+91-7412077880
valentinejadau
VALENTINE SILVER INTERNATIONAL
contact@valentinesilver.com
0141-2770333
valentinesilverinternational
ADDRESS: G1-15,16 Gem & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura Jaipur-302022 INDIA | www.valentinejaipur.com

# Unleash the Radiance of Every Gemstone, Embrace the Extraordinary!



**Rubellite**

**Pink Morganite**





**Paraiba**

**Tanzanite**



**Corporate Office**
24, Bardiya Colony Museum Road
Jaipur - 302004 India
Phone : 91-141-2533092, 2533050
Email : rmc@rmcgems.in

RMC®
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**
G1-18 & 19, SEZ Phase 1st Sitapura Industrial Area
Tonk Road Jaipur - 302022 India
Phone : 91-141-2770687-88-89
Email : rmc@rmcgems.in

# GEM INDIA EXPORTS

***Praveen Mehta***
***Sudhir Kothari***
***Sunil Kothari***
***(Directors)***

***Prateek Mehta***
***Sambhav Kothari***
***Karthik Mehta***
***(Directors)***

***India's largest Lapidary Cutting 50 kind of Gem Stones at one roof.***
***This Process is backed up with ethical and Responsible Sourcing from miners.***





*TANAZNITE*



*AQUAMARINE*



*PEACH MORGANITE*



*TOURMALINE*

***Trade Enquiry***

*+91 9819130949, +91 8890601740, +91 7300136857*

***info.gemindiaexports@gmail.com***

*4780, K.G.B. Ka Rasta, Johari Bazar,*
*Jaipur (Rajasthan) INDIA-302003*

***www.gemindiaexports.com***


Since 1927
Jewellers
Association
Jaipur
jas
connect to source
THE PREMIUM B2B SHOW
4 | JULY 2025 5 | 6
NOVOTEL JAIPUR CONVENTION CENTRE
CONNECT
to
SOURCE
PADHARO
JAIPUR
252, Johari Bazar, Jaipur, Ph: 0141-4034112/113, +91 93523 70067, +91 63781 81421
E: info@jasjaipur.com | www.jasjaipur.com

# दुबई में 'जस-2025' की गूंज, जयपुर के लिए बड़ी उम्मीदें

jas
connect to source
THE PREMIUM B2B SHOW
4-5-6 JULY 2025
Jewellers Association Jaipur



जस 2024 एवं जेइए 2024 के संग्रह से तस्वीरें

विश्व-भर के रत्नाभूषण कारोबारियों को ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर द्वारा आयोजित प्रीमियम बी2बी शो 'जस-2025' का इंतजार है। शो का आयोजन 4-5-6 जुलाई 2025 को गुलाबीनगरी जयपुर के सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित नोवोटेल जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है।

विश्वस्तरीय प्रमोशन के चलते जस 2025 एक बेजोड़ शो होगा। जो समर्थन जस-2025 को मिल रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि 'जस' अब केवल एक राष्ट्रीय आयोजन नहीं रहा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नेटवर्किंग, सोर्सिंग और कारीगरी का एक सशक्त मंच बन चुका है। इसी कारण रत्नाभूषण कारोबार से जुड़े सभी लोग बेहद उत्साहित है।

## दुबई में प्रमोशन

इस साल, जस 2025 का अंतर्राष्ट्रीय प्रचार दुबई में प्रमुख रूप से किया गया, जहां इस शो ने वैश्विक बी2बी आयोजन के रूप में अपनी मजबूत पहचान बनाई। दुबई में हुए प्रमोशन और पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में विश्व-भर से रत्नाभूषण उद्योग के दिग्गज और प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।



"CONNECT TO SOURCE"-JAS 2025

इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अनेक विभूतियां मौजूद रहीं, जिनमें

- अब्देलाये एनडियाये, अध्यक्ष, ग्रिजली माइनिंग
- अब्दुल बा, सीईओ, ग्रिजली माइनिंग
- शेख मुस्तफा हमजल एम. सेहली
- ऋषभ पाटनी, भारत प्रतिनिधि, ग्रिजली माइनिंग
- साथ ही जाम्बिया सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

**जयपुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ज्वैलर्स असोसिएशन शो के संयोजक अशोक माहेश्वरी ने किया।** जिनके साथ सुनील मित्तल, अमित खटोरिया, विष्णु अवतार मेठी, अभिन जैन, राकेश कुमार विजय, राजीव निगोतिया, अंशुल नारनौली, विपुल नारनौली, तरूण चानना, शाहबाज शेख एवं जयपुर के कई अन्य प्रतिष्ठित ज्वैलर्स भी मौजूद थे।





इसके साथ ही **शेनजेन, चीन** से एक हाई-प्रोफाइल प्रतिनिधिमंडल जिनमें यू यंताऊ, वांग जुन, जू वेन और लिआओ रेन — ने पोस्टर अनावरण समारोह में भाग लिया, जिसने जस की सीमा-पार स्थाई व्यापारिक संबंध बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

जस 2025 के अंतर्राष्ट्रीय प्रचार के दौरान भारत सरकार के माननीय केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, गजेन्द्र सिंह शेखावत ने **दुबई में** शो के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण किया। उनके साथ ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के उपाध्यक्ष एवं जस सह-संयोजक राजू मंगोड़ीवाला भी उपस्थित थे, जिन्होंने रत्न और आभूषणों के इस वैश्विक उत्सव के लिए एक शानदार शुरुआत की।

जस 2024 एवं जेडए 2024 के संग्रह से तस्वीरें








"CONNECT TO SOURCE"-JAS 2025



**आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

जस जैसे बी2बी आयोजन के माध्यम से असोसिएशन का निरंतर प्रयास रहता है कि जयपुर के रत्न व्यवसायियों और ज्वैलरी निर्माताओं की विशेषज्ञता को बढ़ावा दिया जाए। हर साल आयोजन का स्तर और ऊंचा हो, व्यापारिक संबंध और भी मजबूत हों—यही हमारी प्राथमिकता रहती है।
हमारी टैगलाइन "कनेक्ट टू सोर्स" सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि एक उद्देश्य है—जहां शो में प्रदर्शित किए गए उत्पादों की गुणवत्ता, शुद्धता, पारदर्शिता और एथिकल सोर्सिंग बरकरार रहें। जस एक ऐसा मंच है जहां जयपुर की समृद्ध ज्वैलरी परंपरा की झलक मिलती है, साथ ही रत्नाभूषण उद्योग का उज्वल भविष्य भी आकार लेता दिखाई देता है।



**नीरज लुणावत**
मानद मंत्री, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

मैं सबसे पहले तो भारत सरकार के एमएसएमई विभाग का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने जस-2025 के सभी 60 एग्जीबिटर्स के लिए सहायता राशि स्वीकृत की। यह फैसला एक मील का पत्थर है और जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री की साख व पहचान बढ़ाने वाला भी है। हम हमारे सदस्यों के लिए बेहतर अवसर सृजित करने, आगे बढ़ने, विश्व-स्तरीय कारोबारियों से नेटवर्किंग आदि के लिए सतत् गतिशील हैं। ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के सभी सदस्यों के लिए शो में सभी तीन दिन निःशुल्क प्रवेश रहेगा। साथ ही हमने पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया है और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रभावशाली पहल भी की हैं। हमारे ज्वैलर्स साथियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन शो अब एक ग्रोथ प्लेटफार्म बन गया है।



**अशोक माहेश्वरी**
संयोजक, जस

जस 2025 में हमने बूथों की संख्या बढ़ाई और खास बात यह रही कि सभी बूथ पूर्णतया बुक हो चुके हैं। हम यह बताते हुए अत्यंत गौरवान्वित हैं कि जैम और ज्वैलरी का जो कलेक्शन यहां प्रस्तुत किया जा रहा है, वह सर्वश्रेष्ठ है और जो बायर्स शो में आ रहे हैं उनके लिए यहां कारोबारी खरीद के अनूठे अवसर है। हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि टाइटन कंपनी लि. के प्रबंध निदेशक सी.के. वेंकटरमन जस-2025 में मुख्य अतिथि के तौर पर पधार रहे हैं, वे देश की ज्वैलरी तथा रिटेल इंडस्ट्री के आइकॉन हैं। इसके अलावा 600 से अधिक होस्टेड बायर्स अर्थात आमंत्रित विजिटर्स आ रहे हैं जो देश और विदेश दोनों से हैं, उनका आगमन ही जस-2025 का बड़ा प्रमोशन है।
ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस) एक ऐसा मंच है जो कारोबारी को उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप कनेक्ट करता है। आज जस बी2बी बायर्स के लिए रत्नो और गहनों की सोर्सिंग का सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा स्थल बन गया है जयपुर सदियों से रत्नाभूषण उद्योग की धड़कन रहा है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए होस्टेड बायर्स को जस 2025 रॉयल फील देने वाला है।
शो आयोजन स्थल तक आवागमन की श्रेष्ठ सुविधा, शो स्थल पर बेहतरीन इंतजाम, रॉयल लाउंज में अपनी आवश्यकतानुसार कारोबारियों से मुलाकात, सब कुछ बेमिसाल अनुभव देने वाला होगा।



जस 2024 एवं जेइए 2024 के संग्रह से तस्वीरें

"CONNECT TO SOURCE"-JAS 2025



**राजू मंगोड़ीवाला**
उपाध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर
सह संयोजक, जस

जस 2025 में वेडिंग बूम को ध्यान में रखते हुए ब्राइडल ज्वैलरी पर खास फोकस किया जा रहा है। शादी-विवाह के लिहाज से इस शो में ब्राइडल ज्वैलरी का अनूठा और बड़ी वैरायटी वाला कलेक्शन देखने को मिलेगा।

एयू स्माल फाइनेंस बैंक, जीजेईपीसी, आरएमसी तथा सिक्योर लॉजिस्टिक्स इस शो के स्पोंसर के तौर पर सामने आए हैं तथा जीआईए ने ज्वैलरी एमिनेंस अवार्ड्स में स्टूडेंट्स श्रेणी को स्पोंसर किया है। आप सभी की स्पोंसरिंग न केवल जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाली है बल्कि हमारे विजन में भरोसा भी जाहिर करती है। इस आयोजन के लिए सरकार व सरकारी विभागों, अंतर्राष्ट्रीय बायर्स तथा एग्जीबिटर्स से जो सहयोग मिल रहा है वह बहुत महत्वपूर्ण है तथा जयपुर की क्रिएटिविटी तथा कारीगरी को प्रोत्साहित कर रत्नाभूषण व्यापार को बढ़ावा देने वाला है। हम आपके इस सहयोग के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

शो में न्यू-एज ब्राइडल ज्वैलरी से लेकर नवरत्नों से सजी पारंपरिक ज्वैलरी तक की विस्तृत रेंज देखने को मिलेगी, जो हर खरीदार की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।

शो में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बायर्स को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया है, जिनके स्वागत-सत्कार की उच्चस्तरीय व्यवस्था की जा रही हैं—जिसमें आवास व प्रवास की विशेष सुविधाएं शामिल है। शो में विश्व स्तरीय नेटवर्किंग एरिया "जस रोयाल" के नाम से बनाया जा रहा है, जिसमें पूर्व पंजीकरण और डेडीकेटेड मीटिंग जोन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रिंट मीडिया पर शो का लगातार प्रमोशन किया जा रहा है। साथ ही दुबई, हांगकांग और बैंकॉक जैसे प्रमुख वैश्विक बाज़ारों में प्रमोशनल शो आयोजित किए जा रहे हैं। इस सबके परिणामस्वरूप जस 2025 अब ग्लोबल ज्वैलरी इवेंट्स कैलेंडर का सबसे आकर्षक और बहुप्रतीक्षित इवेंट बन गया है।

शो में विश्वभर से बायर्स, एग्जीबिटर्स, डिजाइनर्स और इन्फ्लुएंसर भी आ रहे हैं।




जस 2024 एवं जेइए 2024 के संग्रह से तस्वीरें

## जस 2025: सौ फीसदी बुकिंग, अपार संभावनाएं

जस 2025 की खास बात यह है कि इस बार भी सभी बूथ 100% बुक हो चुके हैं, और वेटिंग लिस्ट भी लगातार बढ़ रही है—जो स्पष्ट रूप से वैश्विक ज्वैलरी जगत में इस शो के प्रति विश्वास और उत्साह को दर्शाता है। पिछले संस्करण की तुलना में इस बार 20% अधिक बूथों की व्यवस्था की गई है और प्रदर्शित उत्पादों की रेंज भी पहले से कहीं ज्यादा विस्तृत है। ऐसे में यह कहा जा सकता हैं की यह शो व्यापारियों के लिए अद्वितीय सोर्सिंग के अधिक अवसर लेकर आ रहा है।

“CONNECT TO SOURCE”-JAS 2025

## ये ज्वैलरी उत्पाद इस शो के स्तंभ कहे जाते हैं



पोलकी जड़ाऊ ज्वैलरी



कट एवं पॉलिश्ड नेचुरल जैम स्टोंस



डायमंड एवं कलर स्टोंस ज्वैलरी



नेचुरल कलर्ड जैम स्टोंस ज्वैलरी



स्वर्ण आभूषण



मोती

## शो में क्या होगा खास?

**संचित टाटीवाला**
टाटीवाला गहना, जयपुर

हम कुंदन मीना, ओपन पोलकी और पारम्परिक गोल्ड ज्वैलरी में विशेषज्ञ हैं। जस-2025 में इस बार हम हल्के वजन वाली कुंदन मीना ज्वैलरी प्रदर्शित करने जा रहे हैं, जो कि समयानुरूप है। इस बी2बी शो में बिजनेस विजिटर्स के लिए बहुत अच्छे अवसर है।

**सर्वेश सौंखिया**
सत्वम जैम्स, जयपुर

जस-2025 हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और लगातार हम इसमें भाग ले रहे हैं। हम अफ्रीकन और कोलंबियन पन्ने का काम करते हैं और इसकी मांग बाजार में सदा रहती है। इस बार शो से हमें बड़ी उम्मीदें हैं।



**विशाल खंडेलवाल**
दिया गोल्ड, जयपुर

हमारी विशेषज्ञता हाथ से बनी ओपन सैटिंग पोलकी ज्वैलरी में है। इस बार जस-2025 में हम अनूठे डिजाइन वाले नैकलेस, चोकर्स, इयरिंग्स, अंगूठी आदि का डिस्प्ले कर रहे हैं। कारोबारी खरीद के लिए आने वाले विजिटर्स के लिए बेहतरीन वैरायटी देखने व खरीदने का अवसर रहेगा।

**रोहित केडिया**
जैम्स पार्क, जयपुर

जस-2025 एक ऐसा आयोजन है, जिसमें विश्व-भर से श्रेष्ठ क्वालिटी के जैम स्टोंस का डिस्प्ले किया जाता है। हमारे यहां जांबिया के एमरल्ड्स की अनेक वैरायटी का डिस्प्ले किया जाएगा। इस विख्यात बी2बी शो में इस बार अच्छे बायर्स आने तथा बेहतर कारोबारी अवसरों की उम्मीद है।

**अवि गोखरू**
जैमको, जयपुर

हम हाई-एंड अर्थात प्रीसियस जैम स्टोंस जैसे सैवोराइट, तंजेनाइट, तुर्मली, अक्वामेरीन तथा इसी तरह के अन्य स्टोंस में काम करते हैं। जस 2025 में हम विविध वैरायटी वाले स्टोंस का डिस्प्ले कर रहे हैं जो कि बिजनेस विजिटर्स के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र होगा।

जस 2024 एवं जेइएस 2024 के संग्रह से तस्वीरें

“CONNECT TO SOURCE”-JAS 2025



JEA 2025

# ज्वैलरी डिजाइनिंग में सर्वश्रेष्ठ की पहचान



ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस-2025) में इस बार 'ज्वैलर्स एमिनेंस अवार्ड्स' सेरेमनी का आयोजन होने जा रहा है, जो अपने 17वें संस्करण में प्रवेश कर रही है।

**इस वर्ष की थीम है – 'रॉयल द आर्ट'।**

इसके लिए डिजाइनर्स और क्रिएटर्स से राजसी वैभव को दर्शाने वाले रॉयल आइकन लेवल के डिजाइनों की प्रतिस्पर्धा हेतु आमंत्रण भेजे गए है। ये डिज़ाइंस भारतीय राजघरानों की समृद्ध परंपरा और शाही भव्यता की झलक पेश करेंगे। ऐसे में जस-2025 की यह अवॉर्ड सेरेमनी रॉयल्टी और रचनात्मकता की भव्यता के साथ एक अविस्मरणीय अनुभव बनकर उभरेगी।

जस 2024 एवं जेइए 2024 के संग्रह से तस्वीरें



"CONNECT TO SOURCE"-JAS 2025

## पुरस्कार के प्रमुख आकर्षण:

कुल 19 श्रेणियाँ, जिनमें शामिल हैं-

- 15 ज्वैलर्स की श्रेणियाँ
- 1 प्रोफेशनल श्रेणी
- 3 विशेष सम्मान:
  - यंग अचीवर अवार्ड (स्टूडेंट्स के लिए)
  - आर्टिजन अवार्ड
  - लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

इसके अलावा जेईए में दो विशेष अवार्ड और सुनिश्चित किए गए हैं, जिनमें एक एमरल्ड्स जैम स्टोन ऑफ द ईयर तथा नेचुरल जैम स्टोंस ऑफ द ईयर का अवार्ड शामिल है।

## आर्टिजन अवार्ड

'द आर्टिजन अवार्ड' जेईए की एक महत्वपूर्ण श्रेणी है, जिसमे उन कारीगरों जिन्होंने सतत मेहनत कर खुद में कौशल विकसित किया और उस कौशल के जरिए बहुत कुछ अद्वितीय सृजित किया, जिससे आज रत्नाभूषण कारोबार को एक पहचान मिलने में मदद मिली है, उन्हें इस आयोजन में सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह जयपुर की समृद्ध जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में जिन दिग्गजों ने उम्रभर अपने विजन तथा प्रयासों से कारोबार को बड़ी ऊंचाई व दिशा दी, उन्हें लाइफटाईम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करना इस आयोजन तथा ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के लिए गौरव की बात है।



जस 2024 एवं जेइए 2024 के संग्रह से तस्वीरें

## जयपुर: जैम्स एंड ज्वैलरी में बी2बी का ग्लोबल सेंटर

जयपुर में ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस-2025) का आयोजन अपने आप में एक अनूठा और भव्य अनुभव है। जो अपनी शाही विरासत और गहरी जड़े जमा चुकी ज्वैलरी परंपरा के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं । इस शो के दौरान जयपुर "कनेक्ट टू सोर्स" का केंद्र बन जाता है। यहां आने वाले विज़िटर्स को केवल व्यापारिक अवसर ही नहीं मिलते, बल्कि उन्हें भारत की सांस्कृतिक विविधता, अतुलनीय मेहमाननवाज़ी और दुनियाभर में मशहूर शॉपिंग डेस्टिनेशन का अनुभव भी प्राप्त होता है।

अगर आप त्योहारी सीजन के लिए अपनी इन्वेंट्री को सशक्त बनाना चाहते हैं, या अलग-अलग सोर्सिंग विकल्पों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो जस 2025 आपके लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है।



**नरेश अगरोया**
सह संयोजक, जस
कोर्डिनेटर, जेइए

दुबई से लेकर बैंकॉक तक जस एक ब्रांड के तौर पर काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा हैं। इस बार डिजिटल प्रमोशन पहले से कहीं ज्यादा प्रभावशाली रहा है, जिससे शो की विजिबिलिटी और भागीदारी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जेईए की 19 अलग-अलग अवॉर्ड कैटेगरीज के लिए हमें देशभर से बड़े ब्रांड्स, डिजाइनर्स, मैन्युफैक्चरर्स और ज्वैलरी डिज़ाइन स्टूडेंट्स की प्रविष्ठियां मिल रही हैं। चयन प्रक्रिया के लिए ज्यूरी सुनिश्चित है जिनमे इंडस्ट्री के जाने-माने नाम शामिल हैं। इस चयन प्रक्रिया के दूसरे ज्यूरी राउंड में निर्णायकों ने ज्वैलरी को प्रत्यक्ष रूप से परखते हुए अंतिम चयन किया, जिसमें संपूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की गई।"अवार्ड सेरेमनी 5 जुलाई 2025 को नोवोटेल JECC, जयपुर में होने वाली JEA ग्रैंड गाला नाइट में की जाएगी, जिसमे विजेताओं का सम्मान मशहूर बॉलीवुड सेलिब्रिटी द्वारा अवॉर्ड्स देकर किया जाएगा।

"CONNECT TO SOURCE"-JAS 2025

## जेईए 2025 में प्राप्त प्रविष्टियाँ

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर द्वारा प्रस्तुत और जस के सहयोग से आयोजित ज्वैलरी एमिनेंस अवॉर्ड्स (जेईए) के 17वें संस्करण को इस बार ऐतिहासिक प्रतिक्रिया मिली है। इस साल कुल 605 एंट्रीज़ प्राप्त हुई, जो पिछले साल की तुलना में 68.28% की बढ़ोतरी है। इस बार प्रतियोगिता का दायरा भी काफी बढ़ा है—असम और केरल जैसे नए राज्यों से पहली बार एंट्रीज़ आईं, आउटस्टेशन ज्वैलर्स की भागीदारी में 40% वृद्धि हुई और जयपुर से भी 38% अधिक प्रतिभागी जुड़े।

जेईए के को-कोर्डिनेटर विनिश अग्रवाल ने बताया, **"हमने इस बार टारगेटेड SEO कैंपेन, पर्सनलाइज्ड आउटरीच और मजबूत डिजिटल ब्रांडिंग पर खास फोकस किया है, जिससे हमें देशभर के कॉरपोरेट ज्वैलरी हाउसेज़ का भरोसा मिला।"**



**विनिश अग्रवाल**
को-कोर्डिनेटर, जेईए

दो फिजिकल जूरी राउंड—06 जून और 13 जून 2025 को संपन्न हो चुके हैं, जिसके बाद 05 जुलाई 2025 को भव्य गाला अवॉर्ड नाइट में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि जेईए की दूरदर्शी सोच, जस टीम की मेहनत और ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के सतत प्रयासों की एक शानदार मिसाल है।

## जूरी द्वारा चयन प्रक्रिया

ज्वैलरी एमिनेंस अवॉर्ड्स चयन के लिए इंडस्ट्री लीडर्स तथा विशेषज्ञों का पैनल बनाया गया है। चयन प्रक्रिया के दो चरण निर्धारित किए गए हैं, पहले चरण में डिजिटल शार्टलिस्ट किया गया है और दूसरे में फिजिकल असेसमेंट शामिल हैं। पहले चरण की प्रक्रिया 06 जून को पूरी हो गई।

दूसरा चरण 13 जून का रहा। चयन के लिए चार मापदंड तय किए गए हैं, पहला क्रिएटिविटी अर्थात सृजन कैसा है, दूसरा कारीगरी अर्थात कौशल कितना प्रभावशाली रहा, तीसरा है फंक्शनेलिटी और चौथा है मार्केटिबिलिटी अर्थात जो बनाया गया है उसके प्रति बाजार धारणा किस तरह की है। इन सभी पहलुओं पर जूरी द्वारा निष्पक्षता से मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया जाएगा। विजेताओं को 05 जुलाई, 2025 को आयोजित एक शानदार अवार्ड सेरेमनी में सम्मानित किया जाएगा, इस मौके पर देश के दिग्गज ज्वैलर्स तथा सैलिब्रिटी व मीडिया के लोग उपस्थित रहेंगे।

### जेईए-25 समिति

| क्रमांक | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | आलोक सौंखिया | अध्यक्ष |
| 2 | नीरज लुणावत | मानद सचिव |
| 3 | अशोक माहेश्वरी | संयोजक (जस) |
| 4 | राजू मंगोड़ीवाला | उपाध्यक्ष एवं सह-संयोजक (जस) |
| 5 | नरेश अगरोया | सह-संयोजक (जस) एवं कोर्डिनेटर (जेईए) |
| 6 | विनिश अग्रवाल | को-कोर्डिनेटर (जेईए) |
| 7 | अजय गोधा | सदस्य |
| 8 | डी.पी. खंडेलवाल | सदस्य |
| 9 | मनोज धांधिया | सदस्य |
| 10 | रुपेश तांबी | सदस्य |
| 11 | शिवांगी सुराणा | सदस्य |
| 12 | वत्सल मित्तल | सदस्य |

"CONNECT TO SOURCE"-JAS 2025




## जेईए 2025 के लिए जूरी की पहली बैठक 06 जून को जय महल पैलेस, जयपुर में हुई

माननीय जूरी सदस्य (बैठे हुए, दाएं से बाएं): सुनीता शेखावत, ज्वैलरी डिज़ाइनर एवं संस्थापक, सुनीता शेखावत, जयपुर; तरंग अरोड़ा, ज्वैलरी डिज़ाइनर एवं क्रिएटिव डायरेक्टर, आम्रपाली ज्वैल्स; राहुल सिंह, अभिनेता एवं नाटककार; अनुराधा सिंह, निदेशक, नीला हाउस एवं प्रमुख, लेडी बेमफोर्ड फाउंडेशन; डॉ. लौरा एस्ट्रोलोगो पोर्चे, ज्वैलरी क्यूरेटर (डिजिटली उपस्थित); साथ ही JEA समिति के सदस्य।




## 13 जून 2025 को जयपुर में ज्वैलरी एमिनेंस अवॉर्ड्स (JEA) 2025 का अंतिम जूरी राउंड सफलतापूर्वक संपन्न



**अंतिम जूरी राउंड में उपस्थित निर्णायकगण**

जूरी: कल्पना देवी, विधायक, लाडपुरा (कोटा); शालिन झावेरी, मुंबई; हिमांग अग्रवाल, वाराणसी; मेघाली गुप्ता, दिल्ली; यश अग्रवाल, बिरधीचंद घनश्यामदास ज्वैलर्स, दिल्ली; स्वास्तिका गर्ग, हैदराबाद; तरंग अरोड़ा, क्रिएटिव डायरेक्टर, अम्रपाली ज्वैल्स; प्रतिक्षा प्रशांत, हैदराबाद

**प्रत्येक आभूषण को परखते हुए – पारदर्शी मूल्यांकन का दृश्य**



आर्मन सुचियान ब्लू टोपाज़,
रोडोनाइट और ब्लू सैफायर
सिल्वर रिंग

# जैमजिनेवा

## एक सैलीब्रेशन कलात्मकता और मानवीयता का

**-ऋचा गोयल सीकरी**

जैमजिनेवा का 9वां संस्करण 8-11 मई को जिनेवा में आयोजित किया गया। प्रमुख जैमोलॉजिस्ट, डिजिटल स्टोरी टैलर और लेखक ऋचा गोयल सीकरी ने इसे विजिट किया। प्रस्तुत है उन्हीं के शब्दों में एक रिपोर्ट:



8-11 मई के बीच जब जिनेवा में जैमजिनेवा के 9वें संस्करण का आयोजन हो रहा था, तब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से घटनाक्रम चल रहे थे। एक तरफ डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विश्व के अनेक देशों पर रैसिप्रोकल टैरिफ लगाना, यूरोप तथा मध्य पूर्व के देशों में टकराव, सबसे चिंताजनक भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात।

इन सबके बीच जैमजिनेवा के पालएक्सपो हॉल में 30 देशों के 250 एग्जीबिटर्स तथा उनसे कारोबार व खरीद के इच्छुक पांच हजार से अधिक विजिटर्स इकट्ठे हुए। "**यह मई 2024 की तुलना में 34% की बढ़ोतरी है,**" सह-संस्थापक रॉनी तोताह ने पांच दिवसीय इवेंट (जिसमें प्राइवेट प्रिव्यू भी शामिल था) के दौरान दर्ज हुई रिकॉर्ड-तोड़ 7,259 विज़िटर्स की संख्या का उल्लेख करते हुए बताया। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में तोताह ने भावुकता से कहा... "250 एग्जीबिटर्स को, जो लगभग 30 देश और दुनिया के लगभग हर धर्म का प्रतिनिधित्व करते हैं, एक साथ एक ऐसे अनोखे माहौल में लाना जहाँ सौहार्द और भाईचारा सर्वोपरि हो — यही इस आयोजन की सबसे बड़ी खूबसूरती है।" यह शो कुल 120 घंटे तक चला। यहां वैश्विक ज्वैलर्स व बायर्स ने आकर न केवल एक दूसरे को सहयोग दिया, बल्कि जो माहौल क्रिएट किया वह अनमोल था। इन सबने सभी को प्रेरणा दी।

व्यापारी, विक्रेता, संग्रहकर्ता, जैमोलॉजिकल लैबोरेट्री, परिवहन विशेषज्ञ, म्यूजियम, स्टूडेंट्स, वैज्ञानिक, इतिहासकार और ज्वैलर्स सब एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे थे।



जैमजिनेवा 2025 मई_उद्घाटन समारोह



बोजेम – वॉटर लिली रेवरी
© बोजेम

दुनिया भर में और क्या हो रहा है, उससे परे यहां सबने वैश्विक एकता और सहयोग का संदेश दिया।

इस आयोजन का प्रत्येक संस्करण किसी महत्वपूर्ण थीम पर आधारित होता है और 2025 का शो भी इससे अलग नहीं था। पेरिस में एक शताब्दी पहले एक अंतर्राष्ट्रीय कला एग्जीबिशन आयोजित की गई थी, जिसका नाम था एक्सपोजीशन इंटरनेशनल डेज आर्ट्स डेकोरेटिफ्स एट इंडस्ट्रियल माडर्न। इस बार जैमजिनेवा को भी उसी तरह की थीम 'आर्ट डेको' के नाम से दी गई। शो को उसी तर्ज पर डिजाइन किया गया था, ज्वैलरी का क्यूरेशन, फैशन फोटोग्राफी, फर्निशिंग तथा कलात्मक सजावटी वस्तुओं को इस तरह व्यवस्थित किया गया था जैसे एक सौ साल पहले हुआ करता था। एक और खास बात समकालीन परिदृश्य बहुत तन्मयता से सृजित किया गया और एक टॉक शो उस परिदृश्य में आयोजित हुआ, जिसमें उन डिजाइनर्स को आमंत्रित किया गया, जिनका काम पहली बार यूरोप में प्रदर्शित किया गया। इनकी मौजूदगी इसलिए उल्लेखनीय रही कि इन सभी का क्रियेशन वैश्विक स्तर पर बहुत पसंद किया गया।

वर्ष 2022 से ओल्गा ओलेक्सेंको के स्ट्रांग एंड प्रीसियस फाउंडेशन की ओर से यूक्रेन की आर्टीजनल ज्वैलरी को जैमजिनेवा शो में लाया जाता रहा है। रूस से हुए टकराव के बाद यूक्रेन की आर्टीजनल ज्वैलरी बनाने वालों के साथ दिक्कत हो गई थी। इस बार फाउंडेशन के जरिए अनेक यूक्रेनियन ब्रांड्स तथा स्वतंत्र ज्वैलर्स को इस शो में लाया गया। इन सभी को एक तरह से तकलीफ़ के दौर में सहायता मिली।

इस आयोजन की ग्लोबल प्रोफाइल का एक उदाहरण तब देखने को मिला जब आर्मेनियन ज्वैलर्स असोसिएशन ने लगातार दूसरी बार हिस्सा लिया। इनके आर्टीजंस आरमेन शाहिनयान, करेन होवानिस्यान, व्लादिमीर म्यानुकान, माइक सातजी और वास्केन मेलिकियन ने न केवल वियरेबल आर्ट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि आर्मेनिया की पारंपरिक कलात्मकता को भी दर्शाया, जिसे आगंतुक विजिटर्स ने बहुत पसंद किया।



शवर्श हकोबियन, बटरफ्लाई रिंग, गोल्ड, रोज़ टोपाज़, डायमंड्स, पर्ल, ऑर्गेन्ज़ा थ्रेड्स



बोजेम – स्टैरी फैंटेसी © बोजेम



जैमजिनेवा 2025 मई_प्रेस गाइडेड टूर




द फेयरबर कलेक्शन

**शो में ज्वैलरी एंड जैम स्टोंस असोसिएशन ऑफ़ अफ्रीका (JGAA) की मौजूदगी भी उल्लेखनीय रही। यह एक ऐसा संगठन है जो पूरे अफ्रीका में काम करता है।** इसे लोंगो मुलयशो जिशनेर ने स्थापित किया था। इस असोसिएशन के जरिए अफ्रीकी देशों का नायाब क्रिएशन्स यहां देखने को मिला, इसमें जांबिया की मास्टरपीस अकादमी तथा नसांशी आर्ट स्टूडियो के प्रतिभाशाली छात्रों के कार्य को बहुत सराहा गया। इनके कार्य ने न केवल विज़िटर्स का ध्यान आकर्षित किया बल्कि इसमें मौलिकता भी देखने को मिली। खास बात यह रही कि कलाकारों की एकाग्रता तथा स्टोरी टैलिंग पावर से वहां के लोकल टच को बाकायदा फील किया जा रहा था। अफ्रीका महाद्वीप के प्रति अब तक अवधारणा यह थी कि वहां खदानों से केवल रफ निकलता है, लेकिन वहां निकली रफ से स्थानीय स्तर पर जो क्रिएशन हो सकता है वह इस शो में आकर देखने को मिला। इनके डिस्प्ले ने जैमजिनेवा शो को एक नया आयाम दिया।

**बिज़नेस परिप्रेक्ष्य से मुख्य बातें:**

- **रंगीन रत्नों की मजबूत मांग बनी रही।**
- **बिना ट्रीटमेंट वाले रत्न प्रदर्शकों को अच्छा रिस्पॉन्स मिला।**
- **हेरिटेज और एंटीक ज्वैलरी में स्थिर रुचि।**
- **अमेरिकी खरीददारों की उपस्थिति पिछली बार से कम।**
- **अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों ने हाई-वैल्यू खरीद पर सितंबर तक अस्थायी विराम रखा।**
- **कुछ खरीदार सीमित टीम के साथ मौजूद थे।**
- **डायमंड-फोकस्ड ब्रांड्स ने कलर्ड स्टोन्स को शामिल किया।**
- **नई एंट्री से कटिंग और पॉलिशिंग की गुणवत्ता में सुधार।**
- **तुर्मली, अक्वामरीन, गार्नेट, स्पीनल की लोकप्रियता।**
- **यूनिक कट्स और हाई-क्लैरिटी डायमंड्स की मांग बनी रही।**
- **प्रदर्शकों को शो में अच्छा रिस्पॉन्स मिला।**
- **शो की अवधि बढ़ाने की मांग।**
- **शनिवार को कम फुटफॉल के कारण वीकेंड अवॉयड करने का सुझाव।**
- **ज्यादातर खरीदार वीकडे में ही आते हैं।**



रेनेसां इयररिंग्स

## हाई लाइट्स

**मिरांडा समूह** का दुनिया भर में बड़ा नाम है, लेकिन इन दिनों थोड़ी मुश्किल से गुजर रहे है। इसलिए कि फरवरी 2025 में इनकी खदान पर हमला हो गया था और उपकरण नष्ट कर दिए गए थे। इसी तरह **मोजांबिक स्थित पराइबा तुर्मली** माइनिंग कंपनी पर हमला हो गया था। इन दोनों घटनाक्रमों के बाद भी कंपनी के हौसले बरकरार है मोजांबिक से जो कलेक्शन डिस्प्ले के लिए आया वह विज़िटर्स के द्वारा बहुत पसंद किया गया।

सिंगापुर की **एएमटीसी** का डायमंड प्रेम जग जाहिर है। हाई क्वालिटी डायमंड क्षेत्र में कंपनी का बड़ा नाम है। कंपनी ने शो में लूज मेहेंगे स्पीनल जो डायमंड के अपारंपरिक कट्स हैं वें यहाँ प्रस्तुत किए, जिन्हे यहाँ बहुत पसंद किया गया। इसी तरह कंपनी द्वारा सिंगापुर निर्मित डीएंडई कलर डायमंड ज्वैलरी भी आकर्षण का केंद्र रही।



आर्ट डेको नेफ्राइट, रुबी और डायमंड ब्रोच पाल्ट्स्चो



द फ़ेयरबर कलेक्शन



इंपॉर्टेंट यूनिक आर्ट डेको डायमंड ब्रेसलेट बाय घिसो, लगभग 1930

**ब्रूस ब्रिजेज** ने इस शो में पहली बार हिस्सा लिया तथा गार्नेट की विविध वैरायटी प्रस्तुत की। कंपनी ने तंजानिया में 1967 में सैवोराइट गार्नेट खोजा था, 1970 में यही काम केन्या में किया गया। कंपनी के पास म्यूजियम क्वालिटी कलेक्शन है, जिसे यहां काफी सराहा गया।

**जैम्स बाई नोमैड्स** ने तुर्मली, ब्लू जिरकान, अक्वामरीन तथा स्पीनल की बहुत वैरायटी प्रस्तुत की।

**सूरत के श्रीराम कृष्ण एक्सपोर्ट** ने अपने बूथ के हर हिस्से का उपयोग यह बताने में किया कि हाई क्वालिटी डायमंड का सृजन कैसे होता है। वे शो में भारत के ब्रांड एम्बेसडर की तरह नजर आए।

**टांक फाइन जैम्स** ने बेहतरीन जांबियन एमरल्ड्स डिस्प्ले किया, जो सुपर्ब क्रिस्टल क्वालिटी के थे। इसके अलावा टॉप ग्रेड कोलंबियन एमरल्ड्स भी उनके यहां आकर्षण का केंद्र रहे।

**फाईमा डायमंड्स** के बूथ पर पर्शिया से लाया रीगल रोज कट डायमंड देखा, जिसे देखने के लिए वहां विजिटर्स की काफी भीड़ मौजूद थी।

**फिलिप मूनस्टाईनर** पांचवीं पीढ़ी के जैम आर्टिस्ट हैं और अपने पिता व दादा की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। फिलिप की मौजूदगी से विश्व की समृद्ध कारीगरी क्षमता और परंपरा का अहसास हुआ। रफ को स्कल्पचर का जो शेप उन्होंने दिया है वह अतुलनीय था।

प्रदर्शनी के साथ-साथ, जैमजिनेवा में ज्ञानवर्धक टॉक्स और पुस्तक विमोचन जैसे कार्यक्रम भी शामिल रहे। इन सभी सत्रों को शो की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं।

जैमजिनेवा 2025 सिर्फ एक इंडस्ट्री फेयर नहीं था, बल्कि यह इस बात की सामूहिक पुष्टि थी कि एक बिखरी हुई दुनिया में भी सौंदर्य, रचनात्मकता और सहयोग जुड़ाव के शक्तिशाली माध्यम बने रह सकते हैं।

**2026 में यह आयोजन अपने 10वें वर्षगांठ का जश्न मनाएगा। अब से सिर्फ बारह महीने बाकी हैं जिसका समय चक्र शुरू हो चुका है।**



लगभग 1920 के दशक की एक चुंबकीय टेबल घड़ी जिसमें प्राचीन चीनी जेड की इनले कारीगरी है।



कलेक्शन पैट्रिमोनियल गोलाय फिल्स एंड स्टाल



कलेक्शन पैट्रिमोनियल गोलाय फिल्स एंडस्टाल



फाइन आर्ट डेको कर्व्ड एमरल्ड, रुबी और डायमंड पेंडेंट ब्रोच, शॉमे



आर्ट डेको



द फ़ेयरबर कलेक्शन



स्पिरिट बर्स्ट पेरिडोट स्किनटिला रिंग- आर्मन सुचियान



एस्तर लाइटहार्ट

# धरती पर एक सितारा

## श्रीलंका की मेरी सैफायर यात्रा





एस्तर श्रीलंका की नीलम खदान में

एस्तर लाइटहार्ट रत्न और आभूषण उद्योग की एक जानी-मानी हस्ती हैं, जिन्होंने तीन दशकों से भी अधिक के अनुभव से इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनका दृष्टिकोण, गहन ज्ञान और विविध अनुभव उन्हें ज्वैलरी प्रमोशन और ब्रांड बिल्डिंग का एक प्रमुख चेहरा बनाते हैं।

जैम वर्ल्ड गर्व के साथ प्रस्तुत कर रहा है – श्रीलंका की उनकी एक खास यात्रा, एस्तर लाइटहार्ट की ज़ुबानी।



एक नीले नीलम का लेआउट

श्रीलंका की सैफायर माइंस यात्रा मेरे लिए इतनी रोमांचकारी रही कि मैं इसे कभी भूल नहीं सकती। मैं ज्वैलरी इंडस्ट्री में तीन दशक से सक्रिय हूँ, लेकिन किसी खदान पर मेरे पांव कभी नहीं पहुंचे, पर श्रीलंका जाने का जब मौका मिला तो मना करने का मन नहीं हुआ बल्कि और उत्सुकता जाग गई। फिर क्या था, हवाई जहाज में बैठे और पहुंच गए कोलंबो। वहां मेरी मुलाकात मेरी मित्र 'द डायमंड्स गर्ल के नाम से विख्यात ट्रैसी एलिसन' से हुई। फिर हमारी यात्रा शुरू हुई, जिसमें हमने देखे सैफायर, हाथी, हरे भरे रास्ते व जंगल आदि और भी बहुत कुछ।

एक स्थानीय माइनिंग कंपनी हमारी मेजबान थी। उन्होंने पहले तो हमें अपनी वर्कशॉप दिखाई, साथ ही गर्वपूर्वक यह बताया कि वहां काम करने वालों के साथ उनका व्यवहार कैसा है। हमने छोटे सैफायर्स की पारंपरिक कटिंग देखी, इसके साथ देखा आधुनिक तकनीक के साथ किस तरह कारीगरी को प्रौत्साहित किया जाता है। अगले दिन हम माइंस पर पहुंचे, एक खुला मैदान जहां पानी भी भरा हुआ था, गर्मी का मौसम था। खास बात यह देखने को मिली कि कुत्ते खदानों की रखवाली इस तरह कर रहे थे जैसे वे इसी काम के लिए बने हों। खदान में केवल पुरुष ही काम कर रहे थे और वह भी सुबह जल्दी शुरू करते हैं और दोपहर पहले तक ही काम करते है, बाद में गर्मी तेज हो जाने पर काम बंद कर देते है।

मेरा करियर फील्ड में लंबा रहा है और इस बात का अहसास है कि जो रत्न जड़ित आभूषण हमारे पास होता है, उसे बनाने के पीछे कितनी लंबी कार्य प्रक्रिया होती है। एक जैम स्टोंस को ही देखें, इस खदान को देखा तो महसूस हुआ कि इस के लिए रफ निकालने का काम भी कितना मशक्कत और मेहनत भरा है। एक खदान से निकली रफ से जैम स्टोंस तक का सफर अपने आप में बड़ी कहानी है। एक कारीगर जो रफ को जैम स्टोंस में तब्दील करता है, उसकी कारीगरी की

कुशलता कम महत्वपूर्ण नहीं है। मेरा काम ज्वैलरी ब्रांड्स के लिए कंसल्टेंसी का है, साथ ही ज्वैलरी उत्पादकों की मार्केटिंग व सेल्स टीम को यह बताना कि स्टोरी टैलिंग कितनी बड़ी पावर है। एक जैम स्टोंस की अपनी अलग कहानी है तो एक ज्वैलरी की अलग। दोनों से मिलकर जो बनता है, उसकी कहानी तो और भी गहरी तथा अर्थपूर्ण हो जाती है। बस यह स्टोरीज बताने की क्षमता विकसित करना मेरा काम है।

मेरे मेजबान ने मुझे बैंकाक आमंत्रित किया, जहां उनका प्रोडक्ट डिस्प्ले स्टोर था। लेकिन उसके पहले श्रीलंका विजिट सच में नायाब रही, **माइंस विजिट के दौरान देखा किस तरह खदानों से रफ निकाली जाती है, मिट्टी झड़काई जाती है, छंटाई होती है और और फिर रफ़ का मूल स्वरूप सामने आता है। यहां से मैं पहुंची बैंकाक, जहां बहुत वैरायटी के सैफायर व अन्य जैम स्टोंस देखने को मिले।**

शैंग्री-ला होटल की छत पर, हाथ में कॉकटेल और सामने फैला हुआ बैकॉक का जगमगाता स्काईलाइन... और दिमाग में गूंजता वो अनोखा गाना – "One Night in Bangkok." एक अद्भुत अनुभव रहा।

ज्वैलरी के बारे में लिखना मुझे दुनिया के कुछ सबसे अद्भुत स्थानों तक ले गया है, असाधारण लोगों से मिलवाया है, और इस इंडस्ट्री के प्रति मेरा प्रेम हर बार और गहरा किया है।

ज्वैलरी के बारे में जब भी मैं लिखती हूं तो नायाब स्थलों की यात्रा होती हैं, साथ ही मुझे अनुभवी व प्रखर कारोबारियों से मिलने का अवसर मिलता है और यह सब कुछ ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए मेरे मन में लगाव तथा संबंध दोनों को बढ़ा देता है।



अंततः मेरे हाथ में जो जैम स्टोन 'द स्टार सैफायर' है वह मेरी व्यक्तिगत पसंद है। जब इसे मैंने पहली बार देखा मैं तब से ही इससे बहुत प्रभावित हूँ। यह जादुई सा लगता है, इसने मुझे लुभा लिया है और यह एक कहानी सा लगने लगा है।

श्रीलंका यात्रा के दो अनुभव महत्वपूर्ण रहे, पहला सैफायर की रफ किस तरह खदान से निकलती है इसे देखना, दूसरा श्रीलंका के प्राकृतिक सौंदर्य की अनुभूति, जिससे देखकर लगता है कि इतना सुन्दर सैफायर यहीं सृजित हो सकता है।



एस्तर अपनी मित्र ट्रैसी के साथ

श्रीलंका यात्रा की झलकियाँ











'पेराइबा: एक रंग की विरासत' पर एक समीप दृष्टि—
लिडिन कोर्टेइ की पैरिबा तुर्मली अंगूठी के साथ

# पराइबा तुर्मली पर एक अनूठी पुस्तक

पराइबा तुर्मली धरती के उन दुर्लभ रत्नों में से हैं, जो अपनी अनोखी चमक और खासियत के लिए पहचाने जाते हैं। कैटरिना पैरेज ने केविन फरेरा के साथ मिलकर इस अद्भुत रत्न पर एक बेहद खूबसूरत पुस्तक **"पराइबा तुर्मली: लीगेसी ऑफ ए कलर"** लिखी है। यह लेख इसी पुस्तक के निर्माण की प्रेरणा और उसमे लिखी प्रमुख बातों को साझा करता है। इस पुस्तक के कुछ अंश हम यहां प्रस्तुत कर रहे हैं।

पराइबा, रंगीन रत्नों की दुनिया में एक ऐसा नाम है जो पहली नज़र में ही मन मोह लेता है। इसका नीला रंग कभी गहरे समुद्र की लहरों जैसा लगता है, तो कभी खुले आसमान की याद दिलाता है। यही आकर्षक नीला रंग था जिसने मेरा दिल जीत लिया। जब मेरे मित्र और रत्न विशेषज्ञ कार्लोस टोरेस ने मुझसे संपर्क कर यह प्रस्ताव रखा कि मैं केविन फरेरा के साथ मिलकर 'Paraiba: The Legacy of a Colour' नामक पुस्तक पर काम करूं, तो मैंने तुरंत 'हाँ' कह दिया।कार्लोस से मेरी पहली मुलाकात 2019 में एक हाई ज्वैलरी कलेक्शन के मौके पर हुई थी। वे मेरे रत्न और आभूषणों के प्रति जुनून को भली-भांति जानते थे। उसी दौरान अमेरिका के पराइबा कारोबारी केविन फरेरा ने कार्लोस से कहा कि वे पराइबा तुर्मली पर एक पुस्तक लिखना चाहते हैं। तब कार्लोस ने मेरा नाम सुझाया — और यहीं से यह रचनात्मक साझेदारी शुरू हुई।इस पुस्तक का पहला भाग केविन ने लिखा है, जिसमें पराइबा तुर्मली के






इतिहास, खनन, उत्पादन क्षेत्रों और आज तक की यात्रा को विस्तार से बताया गया है। दूसरा हिस्सा डिजाइन, नीलामी और रेड कार्पेट से संबंधित है। मैंने खुद कभी पराइबा तुर्मली की खदानें नहीं देखी और न कभी उत्पादन क्षेत्रों को विजिट किया। ब्राजील, मोजांबिक और नाइजीरिया ये तीन प्रमुख उत्पादन केंद्र हैं, जहाँ मुझे अब तक जाने का मौका नहीं मिला। केविन चूंकि पराइबा तुर्मली के बड़े कारोबारी हैं। उनके पास पराइबा तुर्मली की उत्पादन प्रक्रिया की जो जानकारी है, वह एक संपदा से कम नहीं हैं। इस विषय पर मेरी स्टडी इसकी कटिंग-डिजाइन, सैटिंग से शुरू होती है और इसके वैभवशाली स्वरूप तक पहुंचती है। इस तरह दोनों के पास जो भी जानकारी का खजाना है, वह इस पुस्तक में समाहित किया गया है। **कार्लोस की मदद के बिना पुस्तक लिखना मुश्किल था, इसलिए उन्होंने पूरा सहयोग दिया। उन्होंने पुस्तक का कला निर्देशन भी किया। यहां बारबरा ब्रोची का जिक्र प्रासंगिक होगा, उन्होंने पुस्तक में बेहद खूबसूरत इलस्ट्रेशन बनाए हैं, जिसने पुस्तक के स्वरूप को और निखार दिया है।**



पास्क्वाले ब्रूनी रिंग

**कैटरीना पैरेज** एक प्रसिद्ध ज्वैलरी विशेषज्ञ, लेखक और कंसल्टेंट हैं। उन्होंने जैमोलॉजिकल असोसिएशन ऑफ ग्रेट ब्रिटेन (Gem-A) से डिप्लोमा किया है। 2013 में उन्होंने अपनी वेबसाइट KaterinaPerez.com और इंस्टाग्राम अकाउंट @katerina_perez की शुरुआत की, जो आज लक्ज़री ज्वैलरी की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुका है। उनके इंस्टाग्राम पर 5 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं, और The New York Times ने उन्हें "फॉलो करने लायक 6 प्रमुख ज्वैलरी अकाउंट्स" में शामिल किया है। उनके आलेख Vogue Arabia, Robb Report, L'Officiel, और Natural Diamond Council जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं। वे कान्स और वेनिस फिल्म फेस्टिवल जैसे ग्लैमरस आयोजनों में भी शामिल रही हैं। फैशन की राजधानी पेरिस में रहकर उन्होंने ज्वैलरी के क्षेत्र में एक प्रभावशाली आवाज के रूप में अपनी पहचान बनाई है।



*पराइबा तुर्मली बेहद दुर्लभ होता जा रहा है। ब्राज़ील की खदानें लगभग समाप्त हो चुकी हैं और अब मोज़ाम्बिक ही इसका मुख्य स्रोत है। यही इसकी अनोखी पहचान है। मुझे हमेशा लगा कि इसकी खूबसूरती के मुकाबले इसे उतनी पहचान नहीं मिली। इस पुस्तक के जरिए हमारा मकसद यही था – कि लोग इसकी दुर्लभता को समझें और इसकी असल अहमियत जानें।*

–कैटरीना पैरेज



**केविन फरेरा** रंगीन रत्नों, विशेष रूप से पराइबा तुर्मली के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार हैं। उन्होंने GIA से ग्रेजुएट जैमोलॉजिस्ट डिप्लोमा किया है और ब्राजील व अफ्रीका में पाँच वर्षों का फील्ड अनुभव रखते है। वे इंडस्ट्री के विशेषज्ञों को एथिकल और सस्टेनेबल सोर्सिंग, ट्रीटमेंट तकनीक और उससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हैं। उनके परिवार की नाइजीरिया, मोजांबिक और ब्राजील में पराइबा की खदानें हैं, जिनसे अमेरिका में बिक्री के लिए माल भेजा जाता है, जिसकी देखरेख वे करते हैं। साथ ही अन्य खदानों के लिए डिस्ट्रीब्यूटर की भूमिका भी निभाते हैं।

*2022 में इंडस्ट्री के कुछ प्रमुख जैमोलॉजिस्ट्स की एक मीटिंग में मैं भी शामिल हुआ था। वहां यह देखकर हैरानी हुई कि इस फील्ड से जुड़े कई लोगों को यह भी नहीं पता था कि कोई स्टोन कहां से आता है, उसकी असली कीमत कैसे तय होती है या उसमें क्या ट्रीटमेंट होता है। अक्सर लोग सिर्फ खरीद-बिक्री तक ही सीमित रह जाते हैं, लेकिन रत्न की गहराई से जानकारी नहीं रखते। पराइबा तुर्मली अब एक पॉपुलर रत्न है, लेकिन ग्राहक जब इसके बारे में सवाल करते हैं, तो कारोबारी भी जवाब नहीं दे पाते। इसी वजह से मैंने यह किताब लिखने का फैसला किया—ताकि आम पाठक और कारोबारी दोनों इसे पढ़कर पराइबा तुर्मली को सही तरीके से समझ सकें।*

-केविन फरेरा



एक पराइबा तुर्मली अंगूठी

इस पुस्तक में स्टोरी टैलिंग और विजुअल्स के जरिए बहुत उपयोगी कंटेंट समाहित किया गया है। जब पुस्तक छप कर तैयार हो गई, तो इसकी लॉन्चिंग भी महत्वपूर्ण थी। इस पुस्तक की लॉन्चिंग यूरोप में दो जगह की गई। पहली, यूरोप की फैशन राजधानी पेरिस के रिट्ज होटल में की गई, जिसमे कार्टियर के पूर्व महानिदेशक स्टेनिस्लेस दे क्वेरसाइज ने शिरकत की और एक बहुत शानदार स्पीच भी दी। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। पुस्तक विमोचन समारोह में सौ से अधिक मेहमान आए थे, जिनमें जैमोलॉजिस्ट, डिजाइनर, पत्रकार तथा इस क्षेत्र के विशेषज्ञ आदि शामिल थे। बहुत से लोग तो कैलिफोर्निया से भी आए थे।

दूसरी लॉन्चिंग लंदन के द स्कॉट में की गई। इसमें चुनिंदा 25 मेहमान उपस्थित थे, जिनमें ज्वैलरी डिजाइनर और मीडिया के लोग शामिल थे। यहां पराइबा तुर्मली के वर्तमान हालात तथा भविष्य की संभावनाओं पर काफी चर्चा हुई।

पुस्तक के बारे में और अधिक लिखकर उत्सुकता को कम नहीं करना, लेकिन इतना जरूर है कि रंगीन रत्नों के इतिहास में यह अनूठी पुस्तक है जिसमें अतीत से भविष्य के विजन तक बहुत कुछ है।



'पराइबा : एक रंग की विरासत' पुस्तक पर एक समीप दृष्टि





गोलेछाज़ गैलेक्सी
नेकलेस



**विजय गोलेछा संदीप**
संस्थापक, गोलेछा ज्वैल्स

# जयपुर की आभा दुनिया के आसमान पर !

## गोलेछा ज्वैल्स ने टॉप 10 ग्लोबल ब्रांड्स में हासिल की प्रतिष्ठित जगह

रचनात्मकता, समर्पण और बहुआयामी प्रतिभा के प्रतीक विजय गोलेछा संदीप, 'गोलेछा ज्वैल्स' के संस्थापक हैं साथ ही एक प्रतिष्ठित ज्वैलरी डिजाइनर हैं। "इतिहास रचने के लिए जन्मे" — इस विचारधारा को केवल अपने ब्रांड की टैगलाइन तक सीमित न रखते हुए, विजय ने इसे अपने कार्यों और उपलब्धियों से सार्थक भी किया है।

एक कुशल ज्वैलरी डिजाइनर के साथ-साथ वे कवि, गीतकार, लेखक, अभिनेता और पटकथा लेखक भी हैं। बॉलीवुड से लेकर भारत के जैम एंड ज्वैलरी समुदाय तक, विजय का नाम न केवल उनके रचनात्मक दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है, बल्कि उनके विचारशील और संवेदनशील व्यक्तित्व के लिए भी सराहा जाता है। जो शुरुआत एक जुनून के रूप में हुई थी, वह आज एक मजबूत पहचान और एक सफल व्यवसाय के रूप में सामने आई है।





(बाएं-दाएं): मानव और विजय

हाल ही में जयपुर का नाम ज्वैलरी की दुनिया के आसमान पर रोशन हुआ था, गोलेछा ज्वैल्स द्वारा सृजित उस बेहतरीन ज्वैलरी के जरिए जो पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह से प्रेरित थी। जैम वर्ल्ड ने इस अवसर पर खुद विजय गोलेछा संदीप और उनके पुत्र मानव गोलेछा से बातचीत की, जिसके कुछ अंश यहां प्रस्तुत किए जा रहे हैं :-

मिस यूनिवर्स का क्राउन, जिसे गोलेछा ज्वैल्स ने 2010 से 2013 तक डिज़ाइन और तैयार किया।



1

**आप पहली पीढ़ी के ज्वैलर हैं, इसकी शुरुआत कब और कैसे हुई?**

विजय: मेरे अपने परिवार में जैम्स एंड ज्वैलरी के व्यवसाय जैसा परिदृश्य नहीं था, लेकिन मेरे ननिहाल में यह काम था। मेरा जब भी वहां जाना होता या नाना-मामा में से कोई घर आता तो उनके पास जैम स्टोंस देखकर बहुत अच्छा लगता था। उनके रंग, आकार व लुक बहुत आकर्षित करते थे। यहीं से इस क्षेत्र के प्रति एक स्वाभाविक जुड़ाव बना और समझने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई। समय के साथ यह रुचि गंभीरता में बदली और मैंने जानकारों व विशेषज्ञों से सीखने की कोशिश की। शुरुआत में दो बातों पर ध्यान दिया, पहला रंगीन रत्नों की समझ तथा गुणवत्ता व आकार के अनुसार छंटाई और दूसरे ज्वैलरी बनाने की प्रक्रिया क्योंकि असली कारीगरी तो ज्वैलरी निर्माण में ही होती है।



पेंडेंट: चाँद सितारा

2

**आप जो ज्वैलरी बनाते हैं, उसमें हैरिटेज और लग्जरी दोनों का समावेश है, इसके पीछे प्रेरणा कहां से मिली?**

विजय: हमारा जन्म राजस्थान में हुआ है और यह राजे-रजवाड़ों की भूमि है। एक लंबी रियासत परंपरा यहां रही है। मैं राजस्थान की परंपरा से बहुत प्रभावित रहा हूं, यहां का हैरिटेज मुझे बहुत आकर्षित करता है और यह मेरी डिजाइन में दिखाई भी देता है। राजस्थान के वास्तु-शिल्प से भवन-निर्माण कला तक, इतिहास, खान-पान, यहां के लोग सब में कोई न कोई कहानी समाहित है। बस मैंने भी ज्वैलरी क्रिएशन के जरिए कुछ कथाएं बताने की कोशिश की है। चूंकि अब ज्वैलरी से व्यक्तिगत जुड़ाव और लगाव है, अतः यह मन को आनंद भी देता है। कई अन्य अदाकाराओं की वेडिंग ज्वैलरी डिज़ाइन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मेरा सौभाग्य रहा कि बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, अभिनेत्रियों के लिए उनकी वेडिंग ज्वैलरी डिज़ाइन करने का मौका मिला, जिनमें ऐश्वर्या राय, रवीना टंडन, प्रियंका चोपड़ा, सोनम कपूर, दिया मिर्जा, प्रीति जिंटा समेत अनेक नाम शामिल हैं।

3

**आपके सिग्नेचर स्टाइल क्या है?**

विजय: मैं कोई भी काम गहराई में जाकर करता हूं और रंगों से खेलना मेरा काम ही नहीं बल्कि जुनून है। हर डिजाइन में छोटी-छोटी बात का बहुत महत्व होता है और कोशिश रहती है कि जो भी सृजित हो, वह संपूर्ण हो अर्थात कोई कमी ना रह जाए। मैं तुर्मली के साथ एमरल्ड्स के स्पेशल शेड्स का उपयोग करता हूं। मैं जो काम करता हूं और देखता हूं, वह केवल डिजाइन या स्टोंस तक सीमित नहीं है बल्कि वह संपूर्ण रुप से प्रभावी कैसे बने, यह चेष्टा रहती है। क्लेस्प और हुक, ज्वैलरी में सबसे उपेक्षित होते हैं, लेकिन मैं उस पर भी पूरा फोकस करता हूं। मैं डिजाइन के जरिए ज्वैलरी को पूरी तरह मुग्धता प्रदान करने के लिए समर्पित रहता हूं। वर्ष 2010-13 तक मिस यूनिवर्स विजेता के लिए क्राउन मैंने ही तैयार किया था।

### 4 जैम स्टोंस खरीदने के लिए आपकी प्राथमिकता क्या रहती है?

विजय: जयपुर सभी तरह के कलर्ड जैम स्टोंस का बड़ा कारोबारी केंद्र है, इस कारण जयपुर में कलर्ड जैम स्टोंस की उपलब्धता कभी चिंता का विषय नहीं रही। यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विक्रेता हैं, ब्रोकर्स हैं, रफ एवं फिनिश्ड जैम स्टोंस के कारोबारी हैं। इसके अलावा हम भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जैम एंड ज्वैलरी शो में जाते हैं, वे भी खरीद के लिहाज से बहुत वैरायटी सुलभ कराते हैं। इसके अलावा अब तो इंटरनेट पर भी बहुत कुछ उपलब्ध है। मतलब कलर्ड जैम स्टोंस खरीदना अब सहज है और चाहे जितना खरीदो।

### 5 फिल्म उमराव जान आपके कैरियर के लिए टर्निंग प्वाइंट बताई गई है, इस पर कुछ बताए?

विजय: यह बिल्कुल सच है कि उमराव जान ने हमें फिल्म इंडस्ट्री में एक नई पहचान दी। जब हमने अपना शोरूम शुरू किया था, तब से ही सोच थी कि सिर्फ पारंपरिक या रूटीन बिज़नेस तक सीमित नहीं रहना, कुछ ऐसा करना है जो असाधारण हो और अपनी अलग छाप छोड़े।उमराव जान हमारे लिए उसी सोच की एक परिणति थी। इस फिल्म से हमारे बॉलीवुड में कदम रखने की शुरुआत हुई। यह एक मेगा स्टार कास्ट फिल्म थी जिसमें ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में थे।हमने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, स्टोरी को समझा और उसकी ज़रूरतों के अनुसार ज्वैलरी डिज़ाइन करने का प्रयास किया। हमने पूरी प्रक्रिया को समय और कहानी की थीम के अनुसार गढ़ा और उसमें हमें सफलता मिली।कहानी की आत्मा को समझते हुए उस पर काम किया, यही वजह रही कि न केवल फिल्म में हमारी ज्वैलरी सराही गई, बल्कि इसके जरिए फिल्म इंडस्ट्री के लिए नए अवसरों के द्वार भी हमारे लिए खुल गए।

### 6 फिल्मों में वास्तविक जवाहरात का उपयोग जोखिम पूर्ण होता है, इस तरह के जोख़िम से खेलना दिलचस्प है, अपनी सोच बताए?

विजय: यह बात बिल्कुल सही है कि फिल्मों में कलाकारों को रियल ज्वैलरी पहनाना एक बड़ा जोखिम होता है, इसलिए ज़्यादातर निर्माता-निर्देशक इससे बचते हैं। लेकिन मेरी सोच हमेशा से अलग रही है। मैंने जब इस दिशा में पहल की, तो कई फिल्म निर्माता और निर्देशक मेरी बात से सहमत हो गए, क्योंकि उन्हें भी समझ आया कि असली ज्वैलरी का आकर्षण और प्रभाव ऑनस्क्रीन अलग ही होता है। एक रोचक वाकया साझा करूं — साल 2004 में जब हम एक फिल्म के लिए ज्वैलरी डिज़ाइन कर रहे थे, तब निर्माता ने स्पष्ट



एमरल्ड एंड तुर्मली नेकलेस



ओमी प्रिवे पेंडेंट

निर्देश दिया कि जब तक फिल्म रिलीज़ न हो, उस डिज़ाइन की ज्वैलरी कहीं बेची नहीं जाएगी। यह इंडस्ट्री आपसी विश्वास पर चलती है, और हमने उस विश्वास को पूरी ईमानदारी से निभाया।ईश्वर की कृपा से फिल्म में उपयोग की गई ज्वैलरी को दर्शकों ने खूब सराहा और वह बेहद लोकप्रिय भी हुई। फिल्मों में हमारी शुरुआत का मकसद सिर्फ पहचान बनाना नहीं था, बल्कि अपने आपको एक ब्रांड के रूप में स्थापित करना भी था — और इस दिशा में हमने सकारात्मक कदम बढ़ाए।

### 7 जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को कैसे करें और प्रमोट?

विजय: ज्वैलरी व्यवसाय में सबसे महत्वपूर्ण है उसकी डिजाइन और यही रियल पावर भी है। यहां आवश्यकता इस बात की है कि ज्वैलरी इंडस्ट्री में डिजाइनर को भी पहचान मिले, जब कोई ज्वैलरी बेची जाती है तो ज्वैलर के साथ डिजाइनर का भी नाम हो। इससे डिजाइनर को प्रौत्साहन मिलेगा और वे आगे बेहतरीन डिजाइन बनाने के लिए जुट जायेंगे। मेरी सोच है कि डिजाइनर जब फैशन व ग्लैमर इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण है तो जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में भी उसे पहचान मिलनी चाहिए। इससे काम में निखार आएगा और फैलाव भी।



रिंग: लेगेसी ऑफ़ गोलेछा



ब्रेसलेट: नेचर लवर्स

## गोलेछा @ मेट गाला 2025





एक युवा आइकन ने मेट गाला 2025 के रेड कार्पेट पर भारतीय संस्कृति, विरासत और आभूषण कला को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गर्वपूर्वक प्रस्तुत किया। उनका लुक विशेष रूप से महाराजा भूपिंदर सिंह ऑफ पटियाला और उनके ऐतिहासिक पटियाला नेकलेस से प्रेरित था – और इस शाही सौंदर्य को जीवंत करने का श्रेय जाता है गोलेछा ज्वैल्स को, जिन्होंने इस मौके के लिए विशेष रूप से आभूषणों को बनाया था।

2025 के मेट गाला में गोलेछा ज्वैल्स ने वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करते हुए टॉप 10 सबसे प्रभावशाली ज्वैलरी और वॉच ब्रांड्स में छठवां स्थान हासिल किया।

**गोलेछा ज्वैल्स को इस प्रतिष्ठित इवेंट में 'सर्वाधिक प्रभावशाली ज्वैलरी' की श्रेणी में शीर्ष छह में स्थान प्राप्त हुआ।** इस बारे में मानव गोलेछा बताते हैं,"जब हमें ज्वैलरी एंड वॉच ब्रांड @2025 गाला मेट की जानकारी मिली, तो इसकी थीम ने हमें गहराई से प्रेरित किया। हमने इतिहास का अध्ययन किया और महाराजा भूपिंदर सिंह पटियाला की ज्वैलरी शैली पर शोध किया। उनके आभूषणों की भव्यता, बड़े और दुर्लभ रत्नों की गुणवत्ता, और अद्वितीय डिज़ाइनों से हमें एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण मिला। हमने इस प्रेरणा को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर ज्वैलरी तैयार की, जिसमें **130 कैरेट का कोलंबियन एमरल्ड** वाला नेकलेस खास आकर्षण का केंद्र रहा। चोकर, अंगूठियां, बाजूबंद—हर पीस में हीरे, बर्मीज़ रूबी, एमरल्ड और तुर्मली जैसे दुर्लभ रत्नों का उपयोग किया गया। इस संग्रह को तैयार करने में सौ से अधिक कुशल कारीगरों ने मिलकर दो हज़ार घंटे तक मेहनत की। परिणामस्वरूप, यह कलेक्शन शो के दौरान सबसे अधिक चर्चा में रहा और ब्रांड इमेज को नई ऊंचाई मिली।

### हम न होते तो?" – एक जौहरी की दृष्टि से



ब्रूच:
मैजिकल-लीफ

"सोचों अगर हम जौहरी ना होते तो क्या होता,
क्या होता इन सात जन्मों का अगर गले में वो मंगल सूत्र ना होता,
कैसे कह लाती वो बहुरानी अगर सास का दिया वो हाथों में कंगन ना होता,
कैसे बनती वो विश्व सुंदरी अगर सिर पे रत्नो जड़ित वो ताज ना होता,
कैसे मिलती सीता राम को अगर अँगूठी में राम का नाम ना लिखा होता,
सोचो बिना श्रृंगार के हमारे देवी- देवताओं का मन्दिर कैसे होता,
सोचो अगर हम जौहरी ना होते तो क्या होता!

-विजय "गोलेछा" संदीप



ब्रूच:
ला रोयाल-बसरा



DEVASREE
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna



EMERALDO BRACELET
Photo Courtesy:
Savio Jewellery



18K BLACK OPAL RING
Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers

# ट्रेंडी अफेयर्स

जैमस्टोन किसी भी ज्वैलरी के लिए बड़ा आकर्षण होता है उच्चकोटि के जैमस्टोन्स और बेहतरीन ज्वैलरी डिजाइंस यहाँ दर्शाए गए हैं जो नवीनतम ट्रेंड में हैं।



PINK SAPPHIRE AND DIAMOND EARRINGS
Photo Courtesy:
Gem Plaza



DIAMOND EARRINGS
Photo Courtesy:
Achal Jewels



TOURMALINE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



DIAMOND SET
Photo Courtesy:
Achal Jewels



POLKI AND EMERALD NECKLACE SET
Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



INVISIBLE EARRINGS
Photo Courtesy:
Savio Jewellery



TANZANITE
Photo Courtesy:
Ratan Jewellers & Sons



MULTI SAPPHIRE DIAMOND PENDANT
Photo Courtesy:
Gem Plaza



POLKI BROOCH
Photo Courtesy:
Achal Jewels



RUBY
Photo Courtesy:
Biharilal Holaram



THE REALM OF RUSSIAN EMERALDS
Photo Courtesy:
Baid Trading Corporation



PADPRADSCHA SAPPHIRE
Photo Courtesy:
Biharilal Holaram



RUBY DIAMOND AND ENAMEL RING
Photo Courtesy:
Gem Plaza



RUBELLITE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



EMERALD DROPS NECKLACE
Photo Courtesy:
Ram Narayan & Company



18K ZAMBIAN EMERALD RING
Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers



MORGANITE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



EMERALD
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



AQUAMARINE
Photo Courtesy:
Gem India Exports



MORGANITE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



ZAMBIAN EMERALD DIAMOND EARRING
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels





DIAMOND SET

Photo Courtesy:
Achal Jewels

DIAMOND BEADS

Photo Courtesy:
Ratan Jewellers & Sons



EMERALD, DIAMONDS
& POLKI EARRINGS

Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels



LINE

Photo Courtesy:
GIE Gold Creations Pvt. Ltd.



PINK SPINEL

Photo Courtesy:
Lunawat Gems



MORGANITE

Photo Courtesy:
Gem India Exports



TOURMALINE

Photo Courtesy:
Gem India Exports



TANZANITE

RUBELLITE

PARAIBA

MORGANITE

Photo Courtesy:
RMC Gems



CHANDRANI
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna



TANZANITE
Photo Courtesy:
Gem India Exports

EMERALD, DIAMONDS
& POLKI NECKLACE
Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels





AQUA LARGE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



EMERALD PEAR
SHAPED CUT STONE
Photo Courtesy:
Ramnarayan & Co.



PEAR DIAMOND &
OVAL EMERALD COCKTAIL
RING IN WHITE GOLD
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



EMERALD DIAMOND
EARRINGS
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels



DIAMOND EARRINGS
Photo Courtesy:
Achal Jewels



THE REALM OF GEMSTONES
Photo Courtesy:
Baid Trading Corporation



MAJESTIC VERDURE A
LUSH EMERALD CENTERPIECE
ENCIRCLED BY A COURT
OF RADIANT DIAMONDS
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



HASLI
Photo Courtesy:
GIE Gold Creations Pvt. Ltd.



MULTI TOURMALINE CABS
Photo Courtesy:
RGS Creation





RUBELLITE TOURMALINE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



SPESSARITE
Photo Courtesy:
RGS Creation



CELESTIAL LOTUS A DIVINE BLOSSOM OF COLORED GEMSTONES AND BRILLIANT DIAMONDS
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



CROWN RADIANCE HOOPS MAJESTIC ROUNDS ENCIRCLED WITH SIDE-SET FANCY DIAMONDS A HOOP WORTHY OF ROYALTY
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd





POLKI AND EMERALD NECKLACE
Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



RUBY AND DIAMOND NECKLACE

Photo Courtesy:
Gem Plaza



SPESSARTITE

Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



MIXED BERYL

Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.

## COMPANY & EMAIL ADDRESS

| | |
|---|---|
| ACHAL JEWELS | office@achaljewels.com |
| BAID TRADING COMPANY | baidtradingcorporation@yahoo.com |
| BIHARILAL HOLARAM | anand@lakhi.net |
| BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS | pr@birdhichand.com |
| GEM INDIA EXPORTS | info.gemindiaexports@gmail.com |
| GEM PLAZA JEWELLERY MFG. CO. PVT. LTD. | mail@gemplaza.net |
| GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD. | giegoldcreations@gmail.com |
| JAIPUR RATNA | rea@jaipurratna.com |
| LUNAWAT GEMS | tech@lgcindia.com, jg@lgcindia.com |
| ONSAZ JEWELLERS CREATIONS | anandrao@onsazjewellery.com |
| PRECITONE CO. LTD. | anu@precitone.com |
| RAMNARAYAN & CO. | ramnarayanco501@gmail.com |
| RATAN JEWELLERS & SONS | ratanjewellersindia@gmail.com |
| RGS CREATION | rgscreations4@gmail.com |
| RMC GEMS | gyan.rmc@gmail.com |
| ROYAL GEMS & JEWELS | yashdusad1@gmail.com |
| SAVIO JEWELLERY | saviojewellery@gmail.com<br>factorysavio@gmail.com |
| SHREE JEE JEWELS | harshita@shreejeejewellers.in |
| VALENTINE JEWELLERY (I) PVT. LTD. | order@valentinejewelleryindia.com |



# लैब ग्रोन डायमंड्स सच्चाई, तकनीक और संभावनाएं



**किंजल शाह**
हेड ऑफ़ एशियन डेवलपमेंट
रिस्पॉन्सिबल ज्वेलरी काउंसिल (आरजेसी)

इन दिनों लैब-ग्रोन डायमंड्स का काम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस काम में पारदर्शिता बढ़े तथा उपभोक्ता के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो इसके लिए रेस्पोंसिबल ज्वैलरी कौंसिल (RJC) गतिशील है। इसके एशियन डेवलपमेंट चेयरमैन किंजल शाह से हुई बातचीत के कुछ अंश हम यहां प्रस्तुत कर रहे हैं।

कौंसिल ज्वैलरी और घड़ियों के क्षेत्र में कार्य विकसित करने और जवाबदेही पूर्ण व्यवहार के लिए सक्रिय हैं। गुणवत्ता मानदंडों का निर्धारण, प्रमाणन और अन्य पहल करना इसका प्रमुख कार्य है।

पर्यावरण, सामाजिक तथा गवर्नेंस के क्षेत्र में कौंसिल जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री की आवाज है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्यों की प्राप्ति और पर्यावरण संरक्षण पर इनका बड़ा फोकस है।

### आरजेसी की भूमिका

किंजल शाह कहते हैं कि रेस्पोंसिबल ज्वैलरी कौंसिल (आरजेसी) ने लैब-ग्रोन डायमंड्स तथा जैम स्टोंस के लिए लैबोरेट्री ग्रोन मैटेरियल स्टेंडर्ड (एलजीएमएस) जारी किए हैं। कौंसिल का उद्देश्य है कि ज्वैलरी तथा घड़ियों के क्षेत्र में जो विश्व स्तरीय मानदंड सुनिश्चित किए हैं उनकी पालना रत्नाभूषण तथा घड़ियों के उत्पादक, कारोबारी एवं सप्लाई चैन से जुड़े सभी लोग करें। लैब-ग्रोन डायमंड्स क्षेत्र के लिए तीन बातें महत्वपूर्ण हैं, पहली मैटेरियल की खरीद जिम्मेदारी पूर्ण हो अर्थात खरीद ऐसी जगह से न हो जहां मानवीय मूल्यों का उल्लंघन होता हो, दूसरे उत्पादन प्रक्रिया में उचित श्रम व्यवहार की पालना होती हो और तीसरे उपभोक्ता को सभी आवश्यक तथ्य पूरी पारदर्शिता से बताएं जाएं। कौंसिल केवल मानदंड निर्धारित करने तक सीमित नहीं है बल्कि उनकी पालना के लिए बाकायदा अंकेक्षण भी करती है। हर उत्पादक के यहां एथिकल व्यापार व्यवहार सुनिश्चित हो, इसके लिए भी प्रयास होता है। कौंसिल मानदंड सुनिश्चित करने के अलावा लैब-ग्रोन डायमंड्स के बाजार संवर्धन की दिशा में भी सक्रिय है।



### लैब-ग्रोन डायमंड (LGD) उद्योग में पारदर्शिता और जिम्मेदारी

सामान्यतः एक सवाल पूछा जाता है कि हाल ही में जो लैबोरेट्री ग्रोन मैटेरियल स्टेंडर्ड तय किए गए हैं, उनसे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता कैसे आ पाएगी? दरअसल लैब-ग्रोन डायमंड्स तथा जैम स्टोंस का अपना उपभोक्ता बाजार होता है। इन दोनों उत्पादों के क्षेत्र में कार्यरत उत्पादकों के लिए कुछ प्रावधान तय किए हुए हैं। एलजीएमएस में तय किया हुआ है कि प्रत्येक सदस्य तकनीकी आवश्यकता की पालना सुनिश्चित करेगा, साथ ही प्रक्रिया के हर चरण को डाक्यूमेंट्स में दर्ज करेगा। जो दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं उनकी पूरी जवाबदेही से पालना होगी। यह पालना हो रही है या नहीं, यह अंकेक्षण के जरिए देखा जाता है। जो कार्यप्रणाली निर्धारित है, उसमें कहीं कोई कमी या खामी हो तो सामने आ जाती है, क्योंकि सब कुछ पारदर्शी जो होता है। जो मानदंड हैं, उनकी पालना से कंपनियों को ही लाभ होता है। पारदर्शिता ऐसी अवधारणा है जो कारोबारी के कार्य में न केवल सुधार करती है बल्कि उसे सक्षमता की ओर अग्रसर करती है, साथ ही खुले बाजार में उसकी अलग इमेज भी बनती है।



### अगले पांच वर्षों का परिदृश्य

लैब-ग्रोन डायमंड्स की उपभोक्ताओं के बीच स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। प्लंब क्लब की ओर से प्रकाशित एक सर्वे के अनुसार 74 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने लैब में बने डायमंड की अंगूठी को एंगेजमेंट रिंग के तौर पर स्वीकार करने की बात कही है। इसी तरह 83 प्रतिशत का यह कहना है कि लैब में बने डायमंड आधारित फैशन ज्वैलरी स्वीकार करने में उन्हें कोई हिचक नहीं है।

### प्राकृतिक व लैब-ग्रोन डायमंड्स में अंतर

नेचुरल अर्थात प्राकृतिक डायमंड्स का बड़ा इतिहास रहा है। दुनिया भर में एक करोड़ से अधिक लोग खदानों से डायमंड की निकासी, प्रेषण, बिक्री, निर्यात, प्रोसेसिंग, आभूषण उत्पादन एवं अन्य सह गतिविधियों में सक्रिय हैं। अनेक देशों की अर्थव्यवस्था का आधार प्राकृतिक डायमंड का उत्पादन, प्रोसेसिंग, डायमंड ज्वैलरी निर्माण व विक्रय है। इस तरह बहुत से देशों व शहरों को डायमंड के काम से ही जाना पहचाना जाता है, इसलिए प्राकृतिक डायमंड का अपना महत्व है।

जबकि लैब-ग्रोन डायमंड्स एक तकनीकी उत्पाद है। इसका उत्पादन लैबोरेट्री में किया जाता है। ज्वैलरी के अलावा इसका उपयोग सेमी कंडक्टर, ट्रांजिस्टर, रेडिएशन डिटेक्शन डिवाइस तथा सोलर सैल में भी किया जाता है।



**प्राकृतिक डायमंड को चुनौती**

यह सवाल अक्सर पूछा जाता है कि लैब-ग्रोन डायमंड्स से प्राकृतिक डायमंड को कोई चुनौती है क्या? सवाल स्वाभाविक है और वाजिब भी। लेकिन जवाब यह है कि दोनों की अपनी उपयोगिता और अपना-अपना महत्व है। दोनों एक दूसरे के लिए न प्रतिस्पर्धा में है और न ही कोई खतरा, बल्कि साथ चलते रहेंगे और बने रहेंगे।

**अमेरिका में बढ़ रही मांग**

लैब-ग्रोन डायमंड्स ने अपना एक अलग बाजार बनाया है तथा विश्व के सबसे विकसित देश अमेरिका में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। जहां तक रत्नाभूषण की बात है तो अमेरिकी बाजारों में जिन ग्राहकों को कम लागत वाली ज्वैलरी चाहिए, वे लैब-ग्रोन डायमंड्स जड़ित ज्वैलरी काम में ले रहे हैं। अमेरिकी युवाओं में इसकी मांग भी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पारंपरिक अर्थात प्राकृतिक डायमंड्स जैसा लुक एवं स्टेबिलिटी होने के कारण इसे अपनाया जा रहा है। साथ ही लैब-ग्रोन डायमंड्स चूंकि तकनीकी रूप से विकसित है, अतः इसके तकनीकी उपयोग भी हैं और इस तरह की उपयोगिता आधारित वस्तुओं का अमेरिका एक बड़ा बाजार है। जहां तक बात सप्लाई की है, प्राकृतिक डायमंड के बाजार में उत्पादन की अपनी गति है और मांग अधिक, जबकि लैब-ग्रोन डायमंड्स जब चाहे जितने बनाए जा सकते हैं। इसलिए कि इसकी फैक्ट्रियां लगातार बढ़ रही है और उपलब्धता भी बेहतर है।



**एथिकल एवं पर्यावरणीय अपील**

प्राकृतिक डायमंड का उत्पादन तो खदानों से होता है और उत्खनन अर्थ-व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसलिए कि वह रोजगार देता है तथा जीडीपी बढ़ाता है। लेकिन लैब-ग्रोन डायमंड्स चूंकि लैबोरेट्री में बनते हैं तो उसके लिए कहा जाता है कि वह पर्यावरण अनुकूल है, अतः युवा अधिक पसंद कर रहे हैं। यहां एक बड़ा सच यह है कि कौंसिल ने जो मानदंड लैब-ग्रोन डायमंड्स के लिए बनाए है वे एथिकल है और पर्यावरण हितैषी भी। इस कारण लैब-ग्रोन डायमंड्स एथिकल एवं पर्यावरणीय मानदंडों के अनुकूल हैं। लैब-ग्रोन डायमंड्स बनाने में बिजली का खर्च भी कम है, तभी इसे पावर सेवर कहा जाता है। इसे बनाने में अधिक लोगों की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन बन जाने के बाद अन्य प्रोसेसिंग में समय अवश्य लगता है।

**भारतीय कारोबारियों के लिए संदेश**

जो कारोबारी इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहते हैं, वे पहले तो कौंसिल की वेबसाइट पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त करें। बाकी जब भी नया काम करें अपने तन मन की स्थिति और आर्थिक क्षमता के आधार पर ही आगे बढ़ें। जो पहले से ही यह कार्य कर रहे हैं उनके यहां जाकर बेसिक सीखें, जानकारी ले, समझें, और फिर आगे बढ़ें।

इस विषय पर अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: kinjal.shah@responsiblejewellery.com

BTC

BAID TRADING CORPORATION

*Radiant Beauty*

**Discover the allure of**
**Russian Emeralds & Navratna Stones**



PRAKASH BAID
SAURABH BAID : +91-98290-37360

GAAUTAM OSWAAL : +91-99286-44242
DIVYANSH BAID : +91-98284-20408


Savio®
Jewellery
GUINNESS WORLD RECORD HOLDER (2015-2018)
JEWELLERY HOUSE HONOURED BY THE PRESIDENT OF INDIA LATE SHRI PRANAB MUKHERJEE
CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur 302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY E-71, Ground Floor, Sitapura Industrial Area, EPIP Gems Jewellery Zone, Jaipur 302022, INDIA, Tel: 0141-2991499
saviojewellery
saviojewellery@gmail.com
www.saviojewellery.com














# Ratan Jewellers & Sons

E-mail : ratanjewellersindia@gmail.com
Website : www.ratanjewellersindia.com

M.L.D.

Our Sister concern firm is

# Beads Paradise

Email : info@beadsparadiseindia.com

**Exporters, Importers, Manufacturers and Commission Agents of all Types of Precious and Semi-Precious Beads.**

**We Also Deals in Rough Stones**

Contact Persons:

| | |
|---|---|
| Mahaveer Daga | +91-98290-12571 |
| Sanjay Daga | +91-98292-92571 |
| Gautam Daga | +91-94140-42853 |
| Akshay Daga | +91-98295-95484 |

4872, K.G.B. Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur-302 003 (India) | Ph.: +91 141 2578082 | Fax : +91 141 2575671



SHREE JEE
JAIPUR

*Fine Jewelry*
*Since Generations*

G-10 Man Upasana Plaza, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur

Book An Appointment +91 9950514440 +91 0141 2371444 shreejeejeweller.com shreejeejaipur


JEWELS OF JAIPUR™
SAVAGE symmetry
GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD.
/jewelsofjaipur

ROYAL
GEMS & JEWELS



FINE JEWELLERY BOUTIQUE STORE

135, M.I. Road, Jaipur - 302001 INDIA

**Phone:0141-4901188, Mobile:+91-98292-66772, Email: info@royalgemsandjewels.com,**
**Website: www.royalgemsandjewels.com**
**Instagram: royalgemsandjewels**

लैब से समाचार



# सुजीलाईट के रूप में ‘डाईड सर्पेन्टाइन रॉक’



*गगन चौधरी, एफ.जी.ए.*



## परिचय

सुजीलाईट एक दुर्लभ और देखने में शानदार मिनरल है, जो आमतौर पर अपने चमकदार पर्पल कलर के लिए जाना जाता है। इसे सबसे पहले 1944 में जापान के वैज्ञानिक केन-इची सुजी ने पहचाना था, और उन्हीं के नाम पर इसका नाम रखा गया।

आज के समय में यह सबसे खास पर्पल जैमस्टोंस में से एक माना जाता है। हालांकि सुजीलाईट की खदानें बहुत कम हैं, जैसे कि दक्षिण अफ्रीका, जापान, कनाडा और भारत, लेकिन दक्षिण अफ्रीका में सबसे अच्छी क्वालिटी का सुजीलाईट मिलता है।

अब चूंकि इसका रंग बेहद आकर्षक है और इसकी डिमांड लगातार बढ़ रही है, इसलिए कई बार इसकी नक़ल भी की जाती है या इसके इमीटेशन भी देखे जाते हैं। ये इमीटेशन कभी रंगे हुए (डाईड) नेचुरल स्टोंस से बनते हैं, तो कभी प्लास्टिक और रेज़िन से। हाल के दिनों में IIGJ-RLC (जयपुर) में कुछ सैंपल आए जो सुजीलाईट बताए जा रहे थे। ये सैंपल रफ़ और पॉलिश दोनों रूपों में थे—जैसे बीड्स और कैबोचॉन। पर जब उनकी जाँच की गई, तो पता चला कि ये असली सुजीलाईट नहीं, बल्कि रंगे हुए “डाईड” सर्पेन्टाइन रॉक थे। इस लेख में इन्हीं डाईड  सर्पेन्टाइन रॉक्स की प्रॉपर्टीज़ और इन्हें असली सुजीलाईट से अलग करने के तरीकों का उल्लेख किया गया है|

## अपीयरेंस

जमा किये गए डाईड सर्पेन्टाइन रॉक्स के सैंपल में कुछ रफ़ थे और कुछ पॉलिश किये हुए थे। रंग के मामले में ये पर्पल से वायलेट तक के थे और ज़्यादातर ओपेक (opaque) थे। कुछ सैंपल का रंग असमान या धब्बेदार भी था। जब इन्हें फाइबर-ऑप्टिक लाइट में देखा गया, तो किनारों पर हल्की सी ट्रांसपेरेंसी भी नज़र आई।

माइक्रोस्कोप से देखने पर इन स्टोंस में एक रेशेदार (फाईब्रस) बनावट और धब्बेदार रंग दिखा, जो कि असली सुजीलाईट जैसा ही लगता है। लेकिन एक अहम बात यह दिखी कि सैंपल में छोटी-छोटी दरारों (क्रेक्स) और फाईब्रस के बीच में रंग जमा हुआ था, जिससे साफ़ पता चलता है कि इन सैंपल को बाहर से रंगा गया है।



डाईड सर्पेन्टाइन रॉक की दरारों (क्रेक्स) और फाइब्रस के बीच में रंग जमा हुआ था, जिससे साफ़ पता चलता है कि इन सैंपल को बाहर से रंगा गया है।



डाईड सर्पेन्टाइन रॉक का रफ़ सैंपल, जिसे सुजीलाईट के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इसका कलर असमान और धब्बेदार है।



डाईड सर्पेन्टाइन रॉक में पर्पल डाई की मौजूदगी की वजह से शॉर्टवेव UV लाइट में असमान (पैची) ऑरेंज फ्लोरेसेंस।



डाईड सर्पेन्टाइन रॉक (बाएँ) और सुजीलाईट (दाएँ) के कैबोचॉन। इन दोनों के कलर और अपीयरेंस में समानता को नोट करें।

## प्रॉपर्टीज़

डाईड सर्पेन्टाइन रॉक्स और सुजीलाईट की महत्वपूर्ण जैमोलॉजिकल प्रॉपर्टीज़ टेबल में दी गई हैं।

सबसे खास बात जो इन डाईड सर्पेन्टाइन रॉक्स में देखी गई वो थी, शॉर्टवेव UV लाइट में असमान (पैची) ऑरेंज फ्लोरेसेंस, जो कि इन पर लगी पर्पल डाई की वजह से था। सुजीलाईट में ये फ्लोरेसेंस नहीं आता (अगर कोई दूसरा खनिज जैसे पेक्टोलाइट मौजूद न हो तो)।

**डाईड सर्पेन्टाइन रॉक और सुजीलाईट की  महत्वपूर्ण जैमोलॉजिकल प्रॉपर्टीज़ :**

| प्रॉपर्टी | डाईड सर्पेन्टाइन रॉक | सुगिलाइट |
|---|---|---|
| कलर | *पर्पल से वायलेट; धब्बेदार* | *पर्पल से वायलेट; धब्बेदार* |
| ट्रांसपेरेंसी | *ओपेक; किनारों पर हल्की सी ट्रांसपेरेंसी* | *ओपेक; किनारों पर हल्की सी ट्रांसपेरेंसी* |
| रिफ्रेक्टिव इंडेक्स (RI) | *~1.56 – 1.58; एक्टिनोलाइट की मौजूदगी के कारण ~1.61-1.62* | *~1.60 -1.61* |
| स्पेसिफिक ग्रेविटी (SG) | *2.55 – 2.60; एक्टिनोलाइट की मौजूदगी SG बड़ा सकती है* | *2.75 – 2.80* |
| UV फ्लोरेसेंस | *शॉर्टवेव में असमान (पैची) ऑरेंज फ्लोरेसेंस; लॉन्गवेव में हल्का रिएक्शन* | *आमतौर पर कोई फ्लोरेसेंस नहीं; पेक्टोलाइट के कारण ऑरेंज फ्लोरेसेंस दिख सकता है* |

## रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी

इन डाईड सर्पेन्टाइन रॉक्स की असली पहचान करने के लिए सबसे कारगर तरीका रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी साबित हुआ, क्योंकि ये नमूने पूरी तरह अपारदर्शी थे और साधारण ऑप्टिकल टेस्ट से ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई। जब इन्हें 532nm लेज़र से टेस्ट किया गया, तो रंग की वजह से तेज़ फ्लोरेसेंस आया जिसने सैंपल के रमन फीचर्स को छुपा दिया। इसलिए टेस्टिंग के लिए 785nm लेज़र का इस्तेमाल किया गया जिससे वो फ्लोरेसेंस कम हुआ और सही सिग्नल मिलने लगे।




इन सर्पेन्टाइन रॉक्स की पहचान रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी से की गई। सर्पेन्टाइन (काली लाइन) और सुगिलाइट (नीली लाइन) के स्पेक्ट्रा आपस में काफी अलग हैं। कई सैंपल में सर्पेन्टाइन मैट्रिक्स के अंदर एक्टिनोलाइट (लाल लाइन) की मौजूदगी भी देखी गई।

जब एक ही सैंपल के अलग-अलग हिस्सों की जांच की गई, तो उनमें अलग-अलग मिनरल्स की मौजूदगी दिखी। ज़्यादातर नमूनों में सर्पेन्टाइन की पहचान हुई, जो कि मुख्य कॉम्पोनेन्ट के रूप में मौजूद था।

इसके अलावा कुछ जगहों पर एक्टिनोलाइट और कैल्साइट के स्पेक्ट्रा भी मिले। इसका मतलब है कि ये सैंपल एक ही मिनरल से नहीं बने थे, बल्कि इनका मिलाजुला कंपोजिशन था।

रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी के आधार पर इन्हें सर्पेन्टाइन–एक्टिनोलाइट रॉक' या 'सर्पेन्टाइन–कैल्साइट रॉक' के रूप में वर्गीकृत किया गया। इसके उलट, असली सुजीलाईट की जब जांच की गई तो उसके हर हिस्से से एक जैसा रमन स्पेक्ट्रा मिला—जो उसकी एकरूपता को दर्शाता है।

## एब्सॉर्प्शन स्पेक्ट्रोस्कोपी

डाईड सर्पेन्टाइन रॉक की एक पतली स्लाइस को UV-Vis-NIR स्पेक्ट्रोस्कोपी से भी जाँचा गया | डाईड सर्पेन्टाइन के स्पेक्ट्रा में 460 से 610 नैनोमीटर (nm) के बीच एक चौड़ा एब्सॉर्प्शन बैंड और 660 से 700 nm के बीच हल्का एब्सॉर्प्शन दिखा। यह पैटर्न आमतौर पर

पर्पल डाई के कारण होता है। दूसरी ओर, सुजीलाईट का स्पेक्ट्रम भी इसी रेंज में था लेकिन उसमें $Fe^{3+}$और $Mn^{3+}$ से जुड़े कुछ शार्प और अलग फ़ीचर्स मौजूद थे, जो डाईड सर्पेन्टाइन में नहीं थे |




डाईड सर्पेन्टाइन रॉक (काली लाइन) और सुजीलाईट (लाल लाइन) के UV-Vis-NIR स्पेक्ट्रा इन दोनों स्टोंस को अलग करने में मदद करते हैं। सुजीलाईट में $Fe^{3+}$ और $Mn^{3+}$ से जुड़े कुछ शार्प और अलग फ़ीचर्स भी दिखाई देते हैं |

## एसीटोन टेस्ट

डाई की मौजूदगी को पक्का करने के लिए एक छोटा टुकड़ा एसीटोन में डाला गया। कुछ ही मिनटों में कलरलेस एसीटोन का रंग पर्पल-पिंक हो गया, जिससे साफ़ हो गया कि इस स्टोन में डाई का इस्तेमाल हुआ है। हालांकि यह एक डिस्ट्रक्टिव टेस्ट है और इसे तभी किया जाना चाहिए जब बाकी सभी नॉन-डिस्ट्रक्टिव तरीके फेल हो जाएं।



डाईड सर्पेन्टाइन रॉक का एक छोटा टुकड़ा एसीटोन में डालने पर कुछ ही मिनटों में कलरलेस एसीटोन पर्पल-पिंक कलर का हो गया |

## निष्कर्ष

आख़िर में यही कहा जा सकता है कि कलर और अपीयरेंस के आधार पर इन डाईड सर्पेन्टाइन रॉक्स को सुजीलाईट समझ लेना बहुत आसान है, जो किसी भी व्यापारी या जैमोलॉजिस्ट को भी धोखा दे सकते हैं । लेकिन अगर सही तरीके से जांच की जाए, जैसे कि रमन, UV-Vis-NIR और ज़रूरत पड़ने पर एसीटोन टेस्ट (हालांकि यह एक डिस्ट्रक्टिव टेस्ट है), तो डाईड सर्पेन्टाइन और सुजीलाईट में फर्क साफ हो जाता है। इस केस से हमें एक और जरूरी सबक मिलता है—कि रत्नों की दुनिया में किसी भी पॉपुलर स्टोन के इमीटेशन बहुत जल्दी और बहुत चालाकी से आ जाते हैं। इसी वजह से हर स्टोन की साइंटिफिक तरीके से जांच बेहद ज़रूरी हो गई है, और आज के समय में एडवांस स्पेक्ट्रोस्कोपी जैसे इंस्ट्रूमेंट्स जैमस्टोन टेस्टिंग का एक अहम हिस्सा बन चुके हैं।

### लेखक के बारे में



